www.navpradesh.com
रायपुर, बुधवार 04 मार्च, 2020, फाल्गुन शुक्ल पक्ष-नवमी, विक्रम संवत-2076 वर्ष-09 अंक-27 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ को समर्पित
2020 का 'संजीवनी' बजट

राजीव गांधी किसान न्याय योजना का ऐलान 5100 करोड़ का प्रावधान

2019-20 के लिए भी मिलेगा योजना का लाभ

16 हजार में से दो वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके शिक्षाकर्मियों का संविलियन 1 जुलाई 2020 से

2020-21 के लिए कोई नया कर नहीं, किसानों पर खास फोकस, हर वर्ग का रखा ध्यान

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंगलवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2020 -21 का बजट पेश किया। गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की अवधारणा पर केंद्रीत इस संजीवनी बजट में किसान, खेती, स्वास्थ्य, शिक्षा, युवा, बुजुर्ग, महिला, बच्चे, शिक्षाकर्मी, उद्योग जगत समेत हर क्षेत्र तथा वर्ग को साधने की कोशिश की गई। किसी नए कर का प्रावधान नहीं किया गया है।

महत्वाकांक्षी नरवा, गरुवा, घुरवा बारी योजना व इसकी सफलता के दृष्टिगत बजट का मुख्य फोकस किसानों, खेती व इससे जुड़े क्षेत्रों पर रहा। बजट में किसानों के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना लागू करने का ऐलान किया गया है। इसके लिए 5 हजार 100 करोड़ का प्रावधान है। योजना का लाभ वर्ष 2019-20 के लिये भी दिया जायेगा। बजट का दूसरा बड़ा ऐलान शिक्षाकर्मियों के संविलियन को लेकर रहा। मुख्यमंत्री ने बजट भाषण के जरिए बताया कि संविलियन से दूर रह गए 16 हजार शिक्षाकर्मियों में से दो वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके शिक्षाकर्मियों का एक जुलाई 2020 से संविलियन किया जाएगा। इसके अलावा राज्य में लागू की गई पांच स्वास्थ्य योजनाओं, सिंचाई, वन आदि क्षेत्रों के लिए भी बजट में विशेष प्रावधान किए गए हैं। सरकार ने इसे संवेदनशील प्रशासन की अवधारणा के साथ छत्तीसगढ़ की जनता को समर्पित बजट बताया है।

आंकड़ों में ऐसे समझें बजट 2020-21 को

अनुमानित कुल आय	-	96091 करोड़ रुपए
अनुमानित कुल व्यय	-	95650 करोड़ रुपए
राजस्व व्यय	-	81400 करोड़ रुपए
पूंजीगत व्यय	-	13814 करोड़ रुपए
राजस्व आधिक्य	-	2431 करोड़ रुपए
सकल वित्तीय घाटा	-	11518 करोड़ रुपए

3.8 फीसदी (सकल घरेलू उत्पाद का) सकल वित्तीय घाटा अनुमानित यह निर्धारित सीमा के भीतर ही

मदवार राशि का प्रावधान

खाद्यान्न वितरण:

- **चावल प्रदाय:** 3 हजार 410 करोड़ का प्रावधान। अनुसूचित जनजाति बाहुल्य इलाकों में प्रति परिवार 2 किलो चना वितरण के लिए 171 करोड़ का प्रावधान है।
- **गुड़-चना वितरण** : बस्तर संभाग में प्रति परिवार 2 किलो गुड़ वितरण के लिए 50 करोड़ का प्रावधान।
- **फोर्टिफाइड चावल** : कोण्डागांव में आयरन एवं विटामिन युक्त फोर्टिफाइड चावल वितरण की पायलट परियोजना के लिये 5 करोड़ 80 लाख का प्रावधान।

महिला व बाल विकास

- **सुपोषण** : महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर से प्रारंभ मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान की सफलता को देखते हुए मुख्यमंत्री सुपोषण योजना प्रारंभ की जा रही है। इसके लिए 60 करोड़ की व्यवस्था।
- **आंगनबाड़ी** : आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के लिये ऊंचाई, लंबाई एवं भार मापक यंत्रों की व्यवस्था के लिए 25 करोड़।
- **विशेष पोषण आहार** : इस योजना में 766 करोड़ तथा महतारी जतन योजना में 31 करोड़ का प्रावधान है।

गौठान संचालन

- गौठान समितियों को प्रतिमाह 10 हजार का अनुदान ।
- चारे के लिये धान के पैरे की व्यवस्था की जायेगी।
- पैरा रख-रखाव के लिए चैकोर बेलर खरीदने 6 करोड़।
- पशु औषधालयों का पशु चिकित्सालय में उन्नयन।
- गोठानों में नलकूप खनन के लिये 5 करोड़ का प्रावधान।
- 12 नवीन पशु औषधालय तथा 5 विकास खंडों में मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई स्थापित की जायेगी।

स्वास्थ्य

डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना

550 करोड़ रु. का प्रावधान

मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना

गंभीर बीमारियों के उपचार पर 20 लाख तक के व्यय हेतु 50 करोड़।

मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना

13 करोड़ का प्रावधान

5 माह की अल्प अवधि में ही 11 लाख से अधिक मरीज लाभान्वित।

मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना

13 नगर निगमों के स्लम एरिया में निवासरत परिवारों को निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श, जांच उपचार एवं दवाईयां उपलब्ध कराने की व्यवस्था।

राज्य सिकलसेल संस्थान

यहां उच्च स्तरीय प्रयोगशाला एवं सभी जिला अस्पतालों में सिकलसेल यूनिट की स्थापना की जायेगी।

चिकित्सा महाविद्यालय

चिकित्सा उपकरण और स्किल लैब की स्थापना हेतु 75 करोड़ का प्रावधान है।

कृषि के लिए ये प्रावधान भी

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना **366 करोड़**	राष्ट्रीय कृषि विकास योजना **370 करोड़**
वाटरशेड प्रबंधन कार्यमक्रम में **200 करोड़**	
एकीकृत बागवानी मिशन **205करोड़**	जैविक खेती मिशन **20करोड़**
प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना **110 करोड़**	कृषि पंपों को नि:शुल्क विद्युत के लिये **2300 करोड़**

कृषि आधारित शिक्षा

- बेमेतरा, जशपुर, धमतरी एवं अर्जुन्दा, जिला बालोद में उद्यानिकी महाविद्यालय तथा लोरमी में कृषि महाविद्यालय की स्थापना होगी। इसके लिए नवीन मद में 5 करोड़ का प्रावधान।
- इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर में खाद्य प्रौद्योगिकी की स्थापना की जायेगी।
- बेमेतरा एवं तखतपुर में डेयरी डिप्लोमा महाविद्यालय की स्थापना के लिए 2 करोड़ का प्रावधान।
- मछली पालन में डिप्लोमा पाठ्यक्रम के अध्यापन हेतु ग्राम राजपुर (धमधा) में फिशरीज पॉलिटेक्निक की स्थापना की जायेगी।



सिंचाई

- बस्तर संभाग में बोधघाट बहुद्देशीय परियोजना से 2 लाख 66 हजार हेक्टेयर क्षेत्र सिंचित करने का लक्ष्य।
- पैरी बांध एवं पैरी-महानदी इंटर लिंकिंग नहर परियोजना के लिए 20 करोड़।
- डांडपानी वृहत् जलाशय परियोजना, कुनकुरी के लिए 20 करोड़।
- शेखरपुर वृहत् जलाशय, सरगुजा के लिए 20 करोड़ का नवीन मद में प्रावधान।
- नाबार्ड सहायित सिंचाई परियोजनाओं हेतु 697 करोड़।
- महानदी परियोजना हेतु 237 करोड़।
- लघु सिंचाई परियोजनाओं हेतु 610 करोड़ तथा एनीकट/स्टाप डैम निर्माण के लिए 173 करोड़।
- कमांड क्षेत्र में सिंचाई की पूर्ति हेतु भी 116 करोड़ का प्रावधान है।

ऐसे हुई ग्रामीण अर्थव्यवस्था की दिशा व दशा तय

त्वरित टिप्पणी

यशवंत घोटे

बिना किसी नए टैक्स के 1 लाख करोड़ से अधिक के इस बजट में किसानों के लिए सौगातों का पिटारा तो खुला ही साथ में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के ने द्वार खुल गए हैं। दरअसल जिन किसानों के दम पर दम पर सरकार बनी व चल रही है उनके लिए 5100 करोड़ रूपए का प्रावधान रखा गया हैं। जिसमें सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट नरवा गरवा घुरवा बारी भी शामिल हैं। इसी के साथ सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था की दिशा और दशा भी तय कर दी हैं। केंद्र सरकार के विरोध के बावजूद 2500 रुपए क्विंटल में धान खरीदी और अब तक की सबसे ज्यादा खरीदी का रिकॉर्ड बनाने वाली सरकार के मुखिया भूपेश बघेल का मानना है- किसान हैं तो हम हैं। इसलिए किसानों, महिलाओं, युवाओं, व्यापारियों को मिलाकर गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की अवधारणा को फलीभूत करते इस बजट की सबसे खास बात यह रही कि इतने सारे प्रावधानों के बावजूद कोई नया टैक्स इस बजट में नहीं लगाया गया। अलबत्ता पिछले कार्यकाल में पेश किए गए बजट से बढ़ाकर मौजूदा बटज को 1 लाख करोड़ रुपए से बढ़ाकर इसकी सीमा तय कर दी गई।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के सार्थक नतीजे सामने आ रहे हैं। यह भी अच्छी बात है कि अनुमानित सकल वित्तीय घाटा राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का 3.18 फीसदी है, जो कि निर्धारित सीमा के अंदर है। बजट में किसानों के लिए लाई गई किसान न्याय योजना से अन्नदाता की कृयशक्ति बढ़ने से ग्रामीण अर्थव्यस्था के मार्ग से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को और मजबूती के मिलने संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। सिंचाई क्षेत्र के लिए उल्लेखित उद्देश्य व इस क्षेत्र के लिए राशि का प्रावधान इस संभावना को और प्रबल करता है। क्योंकि छत्तीसगढ़ को धान के कटोरे के रूप में जाना जाता है और ये सर्वविदित है कि धान को अन्य फसलों की तुलना में ज्यादा पानी लगा है। प्रदेश में सिंचाई के साधन बढ़ने पर निश्चित ही किसानों को इसका लाभ मिल पाएगा।

किसी भी व्यक्ति के लिए उसका स्वास्थ्य सबसे बड़ी पूंजी होती है और जनता स्वस्थ हो तो इसका लाभ उनके दैनंदिन कार्यों के रूप में मिलने वाले योगदान से राज्य व देश को भी मिलता है। सुषोषण, स्वास्थ्य, महिला तथा बाल विकास के लिए बजट में किए गए प्रावधानों से कहा जा सकता है प्रदेश को मजबूत बनाने के लिए नई पीढ़ी के स्वास्थ्य की भी चिंता की जा रही है। चिकित्सा महाविद्यालयों में उपकरणों के लिए किए गए 75 करोड़ के प्रावधान से स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतरी की उम्मीद की जा सकती है।

हमें आए दिन अखबारों व संचार के अन्य माध्यमों से यह जानने मिलता है कि देश में औद्योगिक जरूररतों के मुताबिक इंजीनियर्स व अन्य कुशल मानव बल नहीं है। इसके लिए काफी हद तक शिक्षा प्रणाली को जिम्मेदार बताया जाता है। ऐसे हालातों में प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों में नए आईटीआई खोलने तथा इंजीनियरिंग तथा पॉलीटेक्निक तथा नव विकसित तकनीकों के अध्ययन एवं शोध हेतु इंटरनेट ऑफ थिंग्स एवं रोबोटिक्स की प्रयोगशालाएं खोलने के निर्णयों के दूरगामी बेहतर परिणाम हो सकते हैं। इससे प्रदेश के युवाओं को अत्याधुनिक तकनीक की बारीकियों को समझने का मौका मिलेगा, जिसका लाभ उन्हें उनके कॅरियर में मिल सकता है। दंतेवाड़ा में मल्टी स्किल सेंटर की स्थापना की घोषणा को भी इस दिशा में उठाए गए अहम फैसले के रूप में देखा जा रहा है। उन शिक्षाकर्मियों को भी राहत मिली है जो काफी दिन से इस बजट वाले दिन का इंतजार कर रहे थे। अब उन्हें इस बात की तसल्ली हो सकती है कि जल्द ही वे भी अपने अन्य सहयोगियों की तरह तमाम सुविधाओं के हकदार हो जाएंगे।

स्वच्छ पेयजल के लिए किए गए प्रावधानों में गोठानों में नलकूप खनन के लिए राशि की व्यवस्था इस बात का द्योतक है कि नरवा, गरुवा, घुरवा, बारी योजना के हर पहलू पर बारीकी से विचार किया जा रहा है। गोबर धन योजना में बड़ी राशि का प्रावधान भी इस दिशा में प्रबिद्धता को व्यक्त करता है।युवाओं को बजट में मिली सौगात उन्हें सफलता के नए फलक तक ले जाने में कारगर साबित हो सकती है, फिर बात चाहे मुख्यमंत्री खेल प्रोत्साहन योजना की हो, युवा महोत्सव की या राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों में पढ़ने वालों की शिक्षा का भार वहन करने की। आशय यही है कि बजट में की गई संजीवनी रूपी इन सभी घोषणाओं पर यथानुसार अमल से नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने का सपना और द्रुत गति से मूर्त रूप लेता नजर आएगा।

पुलिस पर पिस्टल तानने वाला शाहरुख हुआ गिरफ्तार

- बता दें कि दिल्ली दंगे के दौरान शाहरुख की पिस्टल ताने तस्वीर काफी वायरल हुई थी
- इस घटना के बाद शाहरुख और उसके घरवाले फरार हो गए थे

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली हिंसा में पुलिस पर पिस्टल तानने वाले शाहरुख को गिरफ्तार कर लिया गया है। हिंसा के दौरान शाहरुख की तस्वीर काफी चर्चित रही थी। बताया जा रहा है कि शारुख को यूपी के शामली से गिरफ्तार किया गया है। शाहरुख ने न केवल पुलिस पर पिस्टल तानी थी बल्कि 8 राउंड फायर भी किया था। गिरफ्तारी के डर से बचने के लिए वह फरार हो गया था।

8 राउंड फायरिंग की

दिल्ली के जाफराबाद में हिंसा का चेहरा रहे मोहम्मद शाहरुख को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शाहरुख ने दंगे के दौरान दिल्ली पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल दीपक दहिया पर पिस्टल तानी थी और 8 राउंड फायरिंग की थी। दीपक पर पिस्टल तानने और फायरिंग करने का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। विडियो वायरल होने के बाद वह अपने परिवार के साथ फरार हो गया था।

पुलिस गिरफ्तारी के बारे में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताएगी

दिल्ली पुलिस शाहरुख की गिरफ्तारी के बारे में पूरी जानकारी देगी। पुलिस एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसके बारे में बताएगी। शाहरुख को शामली से अरेस्ट किया गया है। अभी उसे दिल्ली लाया जा रहा है।

शाहरुख के पिता के ड्रग माफियाओं से संबंध

बता दें कि शाहरुख के पिता साबिर का भी क्रिमिनल रेकॉर्ड रहा है और ड्रग माफियाओं से संबंध के चलते वह एक बार जेल भी जा चुका है। शाहरुख के पिता साबिर के ड्रग्स माफिया से बहुत अच्छे संबंध हैं।

शाहरुख के साथ उसका परिवार भी लापता

बताया जा रहा है कि शाहरुख दिल्ली के थाना उस्मानपुर का रहने वाला है। शाहरुख के साथ ही उसका परिवार भी फरार है और उनके घर के बाहर ताला लटका हुआ है। शाहरुख के परिवार में एक बड़ा भाई और मां-बाप हैं, लेकिन फिलहाल पूरा परिवार लापता है, जिनके बारे में कोई कुछ नहीं बता पा रहा।

कोरेना वायरस और दिल्ली दंगो पर चर्चा

पीएम नरेंद्र मोदी से मिले सीएम अरविंद केजरीवाल

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने पहुंचे। दोनों के बीच दिल्ली में हुए दंगे और कोरोना वायरस पर बात हुई। केजरीवाल ने बताया कि मोदी से उन्होंने कहा कि दिल्ली दंगों के लिए किसी भी पार्टी, किसी भी धर्म के लोग जिम्मेदार हों, उनपर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। केजरीवाल ने दिल्ली पुलिस पर यह सवाल भी उठाया कि अगर नॉर्थ ईस्ट दिल्ली में पुलिस पहले दो दिन (23 और 24 जनवरी) को मुस्तैदी दिखाती तो इतने लोगों की जान नहीं जाती।

अरविंद केजरीवाल ने इस मीटिंग को शिष्टाचार भेंट बताया। केजरीवाल बोले कि उन्होंने पीएम मोदी से कहा कि दंगे के लिए जो भी जिम्मेदार हों, चाहे वह किसी भी धर्म या पार्टी के हों उसपर सख्त ऐक्शन होना चाहिए। केजरीवाल बोले कि इससे साफ संदेश जाएगा कि ऐसी हरकतों को आगे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। केजरीवाल ने कहा कि केंद्र के साथ मिलकर वह ये कोशिश करेंगे कि भविष्य में ऐसी वारदात न हो।

केजरीवाल और पीएम मोदी के बीच कोरोना पर भी बात हुई। केजरीवाल बोले, 'कोरोना वायरस तेजी से फैल रहा है। दिल्ली में पहला मामला सामने आ चुका है। यह जिस भी देश में गया वहां बहुत तेजी से फैला। इससे निपटने के लिए केंद्र सरकार के साथ मिलकर काम किया जाएगा।'

आगरा में मिले कोरोना वायरस के 6 संदिग्ध, सफदरजंग ट्रांसफर

आगरा(ए.)। दिल्ली और तेलंगाना के बाद अब उत्तर प्रदेश के आगरा में कोरोनावायरस 6 मामले पाए गए हैं। इसके बाद उत्तर प्रदेश सरकार और स्वास्थ्य विभाग की चिंताएं और बढ़ गई हैं। एक निजी टीवी चैनल से बात करते हुए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री जयप्रताप सिंह ने जानकारी दी है कि एक परिवार यूरोप घूमकर आया था और वापस आकर इन्होंने दिल्ली में रिश्तेदारों के साथ पार्टी भी की। उन्होंने बताया कि कुल 23 सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं और 6 पॉजिटिव पाए गए हैं। हालांकि, भारत सरकार की ओर से आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की गई है।

एक ही परिवार के 6 लोग

सिंह ने बताया कि उन रिश्तेदारों में से कुछ आगरा, नोएडा और दिल्ली के थे। ये लोग दिल्ली में संक्रमित पाए गए शख्स के संपर्क में आए थे। जयप्रताप ने बताया, 'दिल्ली के केस की जानकारी केंद्र सरकार से मिलने के बाद आगरा के परिवार के टेस्ट किए गए तो वे पॉजिटिव पाए गए। परिवार के 6 लोगों को दिल्ली के सफ्दरजंग अस्पताल भेज दिया गया है और बाकी लोगों को घर में ही रखा गया है।' उन्होंने यह भी जानकारी दी है कि 23 और सैंपल पुणे भेजे गए हैं और फिलहाल उनके नतीजों का इंतजार किया जा रहा है।

8 हो गई संख्या

बता दें कि इसके साथ ही भारत में इस बीमारी की चपेट में आए लोगों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है। ष्टह्रङ्कढ्ढष्ठ-19 के दो मामले सोमवार को पाए गए, जिनमें एक दिल्ली और दूसरा मामला तेलंगाना में पाया गया। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में बताया था, 'ष्टह्रङ्कढ्ढष्ठ-19 का एक पॉजिटिव मामला नई दिल्ली में पाया गया है और एक मामला तेलंगाना में पाया गया है।'

केरल के सभी मरीज डिस्चार्ज

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, दिल्ली में जो व्यक्ति COVID-19 से संक्रमित पाया गया, वह इटली की यात्रा करके आया है। वहीं, तेलंगाना वाला व्यक्ति दुबई से आया था। देश में इससे पहले कोरोनावायरस के तीन मामले केरल में पाए गए थे लेकिन इस बीमारी से ठीक होने के बाद सभी को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया था।

नोएडा पहुंचा कोरोना वायरस का खौफ, 2 स्कूल बंद किए गए

नोएडा/नई दिल्ली। चीन में महामारी का रूप धारण कर चुके खतरनाक कोरोना वायरस ने अब नोएडा में भी दस्तक दे दी है। शहर के दो निजी स्कूलों को मंगलवार को बंद कर दिया गया और परीक्षाएं टाल दी गईं। स्कूल में पढ़ने वाले एक छात्र के पिता कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। स्कूल की ओर से अभिभावकों को मंगलवार सुबह भेजे गए संदेश में कहा गया है कि 'जरूरी कारणों' के चलते परीक्षाएं टाली गई हैं, हालांकि बोर्ड परीक्षाएं होंगी। जिला मजिस्ट्रेट बी.एन. सिंह ने बताया कि नोएडा के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग का एक दल सुबह करीब पौने बारह बजे निरीक्षण के लिए स्कूल पहुंचा। स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि इस बीच संक्रमित व्यक्ति के परिवार के कुछ सदस्यों में भी इसी तरह के लक्षण नजर आने के बाद उन्हें सफ्दरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जवाद जरीफ के दिल्ली हिंसा की निंदा पर भारत ने ईरान के राजदूत को तलब किया

नई दिल्ली(ए.) भारत ने मंगलवार को ईरान के राजदूत अली चेगेनी को तलब किया और दिल्ली हिंसा के बारे में ईरान के विदेश मंत्री जवाद जरीफ द्वारा की गई टिप्पणी पर कड़ा विरोध जताया। अधिकारिक सूत्रों के मुताबिक ईरान के राजदूत को यह बताया गया कि जरीफ ने जिस मामले पर टिप्पणी की, वह पूरी तरह से भारत का आतंरिक मामला है। जरीफ ने सोमवार को ट्वीट में कहा था, 'ईरान भारतीय मुस्लिमों के खिलाफ संगठित हिंसा की घटनाओं की निंदा करता है।' सूत्रों ने कहा, 'दिल्ली में ईरान के राजदूत को मंगलवार को तलब किया गया और जरीफ द्वारा भारत के आंतरिक मामले पर टिप्पणियां किए जाने पर कड़ा विरोध जताया

इजरायल: बहुमत से चूके, गठबंधन की कोशिश में जुटे पीएम नेतन्याहू

- इजरायल में एक ही साल में तीसरी बार चुनाव हुए हैं
- इस बार चुनाव में कुल 71 फीसदी लोगों ने मतदान किया है

यरुशलम(ए.)। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को गठबंधन सरकार बनाने के लिए सांसदों के साथ बातचीत शुरू कर दी है। नेतन्याहू के नेतृत्व वाली लिकुद पार्टी को एग्जिट पोल में सबसे ज्यादा सीटें दी गई हैं। बता दें कि इजरायल में एक ही साल में तीसरी बार संसदीय चुनाव हुए हैं।

गौर करने वाली बात है कि इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनके सहयोगी दलों को 120 सदस्यीय संसद में बहुमत से महज दो सीटें कम, 59 सीटें मिल सकती हैं। चुनाव बाद सर्वेक्षण (एग्जिट पोल) में यह बात कही गई है। देश में एक साल से भी कम वक्त में सोमवार को तीसरी बार चुनाव हुआ जिसमें कुल 71 फीसदी लोगों ने मतदान किया।

नेतन्याहू की पार्टी को सबसे ज्यादा सीटें

दरअसल, कई एग्जिट पोल में दावा किया गया कि नेतन्याहू की दक्षिणपंथी लिकुद पार्टी अपनी मुख्य प्रतिद्वंद्वी मध्यमार्गी ब्लू एंड व्हाइट पार्टी से कहीं आगे चल रही है। नेतन्याहू पर भ्रष्टाचार के कई आरोप लगे हैं, लेकिन चुनाव से मिले संकेत बता रहे हैं कि उनका जनाधार कायम है। तीन टेलीविजन नेटवर्कों की ओर से जारी एग्जिट पोल में दावा किया गया कि लिकुद और इसके सहयोगी दलों को 60 सीटें मिल सकती हैं। अंतिम परिणाम बुधवार को आ सकते हैं।

वाय कैटिगरी सुरक्षा मिलने का कपिल मिश्रा ने किया खंडन, बोले- मेरे पास पहले से है सुरक्षा

- मॉडल टाउन से बीजेपी प्रत्याशी रहे हैं कपिल मिश्रा, पहले आप में थे
- दिल्ली हिंसा से पहले मौजपुर चौक पर अपने भाषण से निशाने पर आए

नई दिल्ली(ए.)। बीजेपी नेता कपिल मिश्रा ने उन खबरों का खंडन किया है, जिनमें दावा किया जा रहा था कि केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से वाई कैटिगरी की सुरक्षा दी गई है। कपिल ने इन खबरों का खंडन करते हुए कहा कि मेरे पास पहले से दिल्ली पुलिस की वाई कैटिगरी सुरक्षा है। बता दें कि कपिल को दिल्ली पुलिस ने 2017 में वाई कैटिगरी सुरक्षा दी थी जिसे 2019 में रिव्यू किया गया और आगे भी जारी रखने का फैसला लिया गया था।

दिल्ली पुलिस के जॉइंट कमिश्नर आलोक कुमार का बयान भी सामने आया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी नेता कपिल मिश्रा को कोई सुरक्षा नहीं दी गई है। गृह मंत्रालय के सूत्रों ने हमारे सहयोगी टाइम्स ऑफ इंडिया से बताया कि दिल्ली पुलिस कपिल मिश्रा को 2017 से सुरक्षा देती आ रही है। 2019 में इसकी समीक्षा की गई थी और इसे जारी रखने का फैसला लिया गया था।

'कपिल के पास दिल्ली पुलिस की सुरक्षा, केंद्र की नहीं'

सूत्र ने बताया कि कपिल मिश्रा की सुरक्षा को दिल्ली पुलिस हेडक्वॉर्टर्स ने मंजूरी दी थी और उन्हें केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से कोई सुरक्षा नहीं दी गई है। कपिल मिश्रा मॉडल टाउन से बीजेपी प्रत्याशी रहे हैं।

ग्राउंड रिपोर्ट हॉस्पिटल में कोई अपनों को लेकर आया, तो कोई अपनों को तलाश करता दिखा

वो सात दिन जो लाशों और जख्मियों के बीच बीते

- 24 तारीख की रात से भड़के दंगों ने एक पत्रकार को भी सोचने पर मजबूर कर दिया
- हॉस्पिटल में कोई हिंदू-मुसलमान नहीं कर रहा था, साफ कहता कि दंगाइयों ने मारा है

नई दिल्ली (वार्ता)। कितना मुश्किल होता है, एक पत्रकार का उन खबरों को लिखना, जो लाशों से गुजरी हों। जो अस्पताल में चीखी हों। जो आंसू बहाकर सामने आई हों। पढ़िए वो दर्द जिनपर मरहम लगाने में अस्पताल भी जख्मी दिखाई दिया। एक पत्रकार ने वहां क्या देखा यहां पढ़िए उसका दर्द।

वो सात दिन, जहां लाशों के ढेर लगते गए। बिलबिलाते जख्म, स्ट्रेचर पर दौड़ती लाशें। ये जगह थी नॉर्थ ईस्ट दिल्ली का जीटीबी अस्पताल। पहली बार महसूस किया कि कितना मुश्किल होता है, गिरते हुए आंसुओं को लफ्जों में बताना। खून में सने कपड़े। अपनों को तलाशती आंखें, हमारे सवालों पर भी सवाल कर रही थीं। हिंसा की आग ने ऐसा झुलसाया था कि ऐम्बुलेंस के डरावने सायरन कानों के पर्दे को चीर रहे थे। इतने एक लाश का पता पूछते, पीछे से दूसरी लाश आकर कतार में खड़ी हो जाती। इतनी लाशें आईं कि लगा, जैसे एक लाश इंसानियत की भी इसमें पड़ी है।

मैं 24 फरवरी को गांव से छुट्टियां बिता कर लौटा। खबर आई कि हिंसा भड़क गई है, रिपोर्टिंग के लिए हॉस्पिटल दौड़ा। शाम के 7 बजे थे। जीटीबी अस्पताल में हिंसा के सबूत आने लगे थे। एक के बाद एक जख्मी तड़पते आए, कुछ लोग अपनों को तलाशते अस्पताल आए। मगर तलाश पूरी नहीं हुई, क्योंकि उनके अपने दुनिया से रुखसत हो गए थे। ये इतना भयावह था कि हर किसी का दर्द सुनकर लगता था कि ये हद है। मगर उस हद को तोड़ता दर्द फिर सामने आ जाता। 11 बजे के बाद अस्पताल से निकला। मैंने दंगों के बारे में अखबारों में पढ़ा था या फिल्मी पर्दे पर देखा था, लेकिन जब हकीकत से सामना हुआ, तो जहन सुन्न हो गया। मुझे नहीं पता था किससे क्या सवाल पूछूं। वो रोते थे, बयान करते थे, मैं सिर्फ डायरी में लिखता। क्या लिखता, जख्म, दर्द, बेचैनी, और सामने पड़ी लाश।

जब आई रतनलाल की डेड बॉडी

दिल्ली पुलिस के जवान रतन लाल की डेड बॉडी आ गई थी, हॉस्पिटल में उनके घरवाले थे। वह किसी से बात करने को तैयार नहीं थे। बात क्या करते जवान की मय्यत सामने थी। ऐम्बुलेंस कम पड़ रही थीं। जख्मी स्कूटी और मोटरसाइकिल पर लटकाए चले आ रहे थे। कुछ तो ऐसे थे, जिन्हें गोली लगी थी और खुद ही दौड़े चले आ रहे थे। स्ट्रेचर कम पड़ गए थे। अटेंडेंट घायलों को हाथ-पैर से कंधे पर लटका कर इमर्जेंसी में ले जा रहे थे। कई बार हुआ कि 4-5 बाइक आकर रुकीं और अटेंडेंट कम पड़ गए। खून देखकर घबरा जाता हूं, लेकिन कब गोली लगे जख्मी को गोद में भरकर अंदर ले गया पता नहीं चला। मैं एकदम सुन्न था। मुझपर चीख-पुकार का असर नहीं हो रहा था। बहुत देर बाद मुझे रोते-बिलखते लोगों को देखकर अहसास हुआ। तब फिर रिपोर्टिंग का ख्याल किया। रिश्तेदारों से जब सवाल किया कि कैसे जख्मी हुए तो अपनों के गम में वो डांट देते थे। फिर कहते दंगाइयों ने किया।

महिला दिवस विशेष

मिलिए इतिहास रचने वाली 20वीं सदी की महिलाओं से

मिलिए इतिहास रचने वाली 20वीं सदी की महिलाओं से20वीं सदी का इतिहास दुनिया की ताकतवर महिलाओं से भरा हुआ है। उन महिलाओं को दुनिया आज भी सलाम करती हैं। उनमें मानवाधिकार के लिए लड़ने वाली एलनोर रूजवेल्ट से लेकर जीव विज्ञान की दुनिया में क्रांति लाने वाली डॉरथी हाजकिन तक शामिल हैं।

मैरी क्यूरी

उन्होंने अपने पति के साथ मिलकर रेडियम और पुलोनियम की खोज की। वह पहली महिला थीं जिनको नोबेल प्राइज मिला।

मारग्रेट सैंगर

बर्थ कंट्रोल को लोकप्रिय बनाने में सैंगर की बड़ी भूमिका है। शुरू में जब उन्होंने बर्थ कंट्रोल पर लिखना शुरू किया गया तो उनकी आलोचना की गई। उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। लेकिन धीरे-धीरे गर्भनिरोधक इस्तेमाल करने के उनके अभियान को लोकप्रियता मिलती गई।

इंदिरा गांधी

इंदिरा गांधी को लौह महिला कहा जाता है। उन्होंने कई ठोस फैसले लिए। उनके प्रधानमंत्री रहते ही पाकिस्तान के दो टुकड़े हुए। यह पाकिस्तान को ऐसा जख्म था जिसकी टीस उसे हमेशा महसूस होगी।

रोजा पार्क्स

रोजा पार्क्स नागरिकों के अधिकार के लिए लड़ने वाली कार्यकर्ता थीं। उनकी हिम्मत की एक कहानी काफी चर्चित हुई थी। एक बार वह बस में सफर कर रही थीं। वह एक सीट पर बैठी थीं। जब गोरे लोग बस पर चढ़े तो उनको सीट खाली कर देने को कहा गया। उन्होंने सीट खाली नहीं की। फिर पुलिस को बुलाया गया और उनको गिरफ्तार कर लिया गया। अश्वेतों को अधिकार दिलाने में उनकी अहम भूमिका रही है।

रीचल कार्सन

अगर आज पर्यावरण को बचाने की बात होती है तो इसका श्रेय रीचल कार्सन को जाता है। उन्होंने एक किताब लिखी थी 'स्द्बद्यद्गठ्ठह्ल स्श्चह्म्द्बठ्ठद्द'। उसमें उन्होंने कीटनाशक के अनियंत्रित इस्तेमाल के दुष्परिणामों पर रोशनी डाली थी। उन्होंने कई शिकारी पक्षियों को भी लुप्त होने से बचाया। उन्होंने अपनी किताबों और भाषणों की मदद से पर्यावरण की सुरक्षा को चर्चा का विषय बनाया।

डॉरथी हॉजकिन

डॉर्थी हॉजकिन एक वैज्ञानिक थीं जिन्होंने अणुओं की बनावट के बारे में पता करने के लिए एक्स-रे क्रिस्टलोग्राफी तकनीक विकसित की। इससे जीवविज्ञान जगत में क्रांति आ गई। उनको इस काम के लिए 1964 में केमिस्ट्री का नोबेल पुरस्कार मिला।

आईन रैंड

आईन का जन्म रूस में हुआ था। उनको सोवियत क्रांति को देखने का मौका मिला था। उन्होंने सोवियत क्रांति के बाद लोगों के अधिकारों का गला घोंटते देखा था। इस वजह से उनको साम्यवाद और हर उस तरह की सरकार से नफरत हो गई थी जो व्यक्तिगत अधिकारों को कुचले। वह अमेरिका चली गई थीं जहां उन्होंने फाउंटेनहेड, ऐटलस शरग्ड और ऐंथम के नाम से उपन्यास लिखे जिसमें निष्पक्षतावाद के अपने दर्शन को बढ़ावा दिया। उनके काम से अर्थशास्त्री, व्यापारी और राजनीतिज्ञ समेत बड़ी-बड़ी हस्तियां प्रभावित हुईं।

एलनोर रूजवेल्ट

एलनोर रूजवेल्ट अमेरिका के राष्ट्रपति फ्रैंकलिन रूजवेल्ट की पत्नी थीं। वह बड़ी समाज सुधारक थीं। उन्होंने मानवाधिकार और इंसानी मर्यादा के लिए बढ़-चढ़कर काम किया। उन्होंने मानवाधिकार से संबंधित दस्तावेज यूनिवर्सिल डिक्लेरेशन ऑफ ह्यूमन राइट्स को तैयार करने में अहम भूमिका निभाई। संयुक्त राष्ट्र की महासभा ने इस घोषणा को 10 दिसंबर, 1948 को अपनाया था। इस तरह हम उनको मानवधिकार की अग्रदूत कह सकते हैं जिन्होंने अफ्रीकी-अमेरिकी नागरिकों और महिलाओं के अधिकार के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
www.navpradesh.com
रायपुर, बुधवार 04 मार्च, 2020, फाल्गुन शुक्ल पक्ष-नवमी, विक्रम संवत-2076 वर्ष-09 अंक-27 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

गवर्नर ने अपने अधिकारों का उपयोग कर लिया, अब हमारी बारी

यशवंत धोटे

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंगलवार की शाम संपादकों से अनौपचारिक बातचीत में साफ कर दिया कि विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति के नए नियम विधानसभा के इसी बजट सत्र में बना लिए जाएंगे। दरअसल कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय में मंगलवार को राज्यपाल द्वारा प्रोफेसर बलदेवभाई शर्मा की नियुक्ति की गई है, जिसकी विधानसभा के गलियारे में यह चर्चा चलती रही कि राज्य में सरकार कांग्रेस की है और नियुक्ति राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े लोगों की हो रही है। इसी चर्चा के मद्देनजर संपादकों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने साफ कर दिया कि गवर्नर ने अपने अधिकारों का उपयोग कर लिया है अब हम हमारे अधिकारों का उपयोग



कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विवि में कुलपति की नियुक्ति पर बिफरे सीएम भूपेश बघेल

करेंगे। ऐसे कैसे हो सकता है कि कांग्रेस की सरकार वाले राज्य में संघ के लोग कुलपति बनके बैठे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम तत्काल प्रभाव से नियम कानून बदलने जा रहे हैं। जितने नाम हमने दिए थे उसमें से किसी की नियुक्ति नहीं हुई, यह कैसे हो सकता है। गौरतलब है कि मंगलवार को ही पंडित सुंदरलालशर्मा विश्वविद्यालय में प्रोफेसर वंशगोपाल सिंह की भी नियुक्ति हुई है, जो भाजपा के समय से ही वहां थे और इस बार रिपीट हुए हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बजट पर रायशुमारी के लिए संपादकों को आमंत्रित किया था। उन्होंने बजट के प्रमुख मुद्दों पर बातचीत में बताया कि हमें एक साल में राज्य के संसाधनों से ही इतना राजस्व प्राप्त हो रहा है कि कोई नया कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ रही है। अलबत्ता केंद्र सरकार पर हमारा जीएसटी का 2300 करोड़ रुपए बाकी है, जो अब तक नहीं मिला उसे लाने का प्रयास किया जा रहा है। सीएम मितान योजना में सृजित होते रोजगार को लेकर आश्वस्त मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सरकारी दस्तावेजों मसल आय, जाति, मूल निवास, जन्म मृत्यु प्रमाणपत्रों के निर्माण के लिए घर पहुंच सेवा जैसा प्रावधान है। इसमें काफी संख्या में रोजगार सृजन हो रहा है। बजट के अन्य मुद्दों पर श्री बघेल ने कहा कि हमारा यह बजट ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बने किसानों के लिए एक माइल स्टोन है। इसमें 5100 करोड़ रुपए का प्रावधान है। इस योजना में रोजगार सृजन के सवाल पर सीएम ने कहा कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था की दिशा और दशा तय करने वाली योजना है इसलिए इसमें रोजगार सृजन तो होना ही है।

नरवा, गरुवा, घुरवा, बारी योजना के लिए 1603 करोड़

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। विधानसभा में मंगलवार को बजट भाषण पढ़ते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने श्लोक- 'सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः, सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मा कश्चिद् दुःख भाग्भवेत्' का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इसी भावना के साथ सरकार किसानों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तथा गांवों की समृद्धि और आर्थिक प्रगति की ओर आगे बढ़ रही है। अनुसूचित जाति, जनजातियों का विकास भी इसी तरह से सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में उन्होंने महत्वाकांक्षी नरवा, गुरुवार, घुरवा बारी योजना का जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि नरवा, गरुवा, घुरवा बारी कार्यक्रम के तहत 912 नालों पर नरवा उपचार के लिये 20 हजार 810 काम स्वीकृत किये गए हैं। 1 हजार 900 गोठानों का निर्माण पूर्ण हो चुका है। घुरवा का उपयोग कर 3 लाख 16 हजार मैट्रिक टन जैविक खाद का उत्पादन किया गया है। 1 लाख 50 हजार बाड़ियों को पुनर्जीवित करने का कार्य हुआ है। इन कार्यों के लिये महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अभिसरण से राशि की स्वीकृतियां दी गई हैं। योजना में 1 हजार 603 करोड़ का प्रावधान है।

ग्रामीण विकास के लिए अन्य प्रावधान

- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में 400 करोड़।
- प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना में अब तक 7 लाख 22 हजार आवास पूर्ण हो चुके हैं।
- आगामी वर्ष में इस हेतु 1 हजार 600 करोड़ का प्रावधान
- गोबर- धन योजना अंतर्गत 1 हजार 176 बायोगैस संयंत्र के स्थापना का लक्ष्य। इस हेतु 450 करोड़ का प्रावधान है।
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए 2 हजार 70 करोड़ का प्रावधान है।

सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण मद में 352 करोड़

निराश्रितों, बुजुर्गों, विधवा महिलाओं एवं निःशक्त व्यक्तियों को समय पर सहायता उपलब्ध कराने के लिये सामाजिक सुरक्षा और कल्याण मद में 352 करोड़, वृद्धावस्था पेंशन योजना में 185 करोड़ और मुख्यमंत्री पेंशन योजना में 150 करोड़ का प्रावधान है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना में 68 करोड़ तथा सुखद सहारा योजना में 100 करोड़ का प्रावधान है। दिव्यांगजनों के लिये निःशक्तजन पुनर्वास केन्द्र, मादक द्रव्यों एवं पदार्थों की रोकथाम एवं नशामुक्ति केन्द्र का संचालन तथा तृतीय लिंग समुदाय से संबंधित योजनाओं हेतु 5 करोड़ 30 लाख का प्रावधान है।असंगठित श्रमिक सुरक्षा एवं कल्याण मण्डल हेतु 38 करोड़ 50 लाख का प्रावधान है। ठेका मजदूर, घरेलू कामकाजी महिला एवं हम्माल कल्याण मण्डल हेतु 15 करोड़ का प्रावधान है।



उद्योग स्थापना पर देय लागत पूंजी अनुदान के लिए 100 करोड़

नई औद्योगिक नीति 2019 का मुख्य उद्देश्य समावेशी विकास, आत्मनिर्भरता एवं परिपक्व अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है। उद्योगों की स्थापना पर दी जाने वाली लागत पूंजी अनुदान के लिये 100 करोड़ एवं ब्याज अनुदान के लिये 39 करोड़ का प्रावधान है।

उद्योगों के लिये आबंटित किये जाने वाले भू-खण्ड की दरों में 30 प्रतिशत तथा लीज रेन्ट की दर में 33 प्रतिशत कमी की गई है। अनुसूचित जनजाति बाहुल्य बस्तर क्षेत्र में 20 एकड़ तक के निजी औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना की अनुमति देते हुए अधोसंरचनात्मक विकास कार्यों के विरूद्ध 4 करोड़ तक का अनुदान देने का प्रावधान है। राज्य में उत्पादित सब्जी, फल एवं मोटे अनाजों को प्रसंस्कृत कर मूल्य संवर्धन की दृष्टि से उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए नये फूड पार्क की स्थापना हेतु नवीन मद में 50 करोड़ का प्रावधान है। नये औद्योगिक क्षेत्रों के लिए 15 करोड़ एवं जेम ज्वेलरी पार्क की स्थापना के लिए 1 करोड़ का प्रावधान है।

जल जीवन मिशन के लिए 225 करोड़

नल कनेक्शन के माध्यम से पेय जल हेतु प्रारंभ की गई जल जीवन मिशन योजना के लिये 225 करोड़ का प्रावधान बजट में किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में पाईप द्वारा ग्रामीण जल प्रदाय योजना के लिये 185 करोड़ तथा नलकूप खनन के लिये 70 करोड़ का प्रावधान है। नगरीय जल प्रदाय योजनाओं के लिये 124 करोड़ का प्रावधान है।

वर्ष 2020-21 का बजट अनुमान

- कुल राजस्व प्राप्तियां 83 हजार 831 करोड़ अनुमानित।
- इसमें राज्य का राजस्व 35 हजार 370 करोड़ एवं केन्द्र से प्राप्त होने वाली राशि 48 हजार 461 करोड़ है।
- अनुमानित सकल व्यय 1 लाख 2 हजार 907 करोड़ का है।
- शुद्ध व्यय 95 हजार 650 करोड़ अनुमानित है।
- राजस्व व्यय 81 हजार 400 करोड़ एवं पूंजीगत व्यय 13 हजार 814 करोड़ है।
- पूंजीगत व्यय कुल व्यय का 14.44 प्रतिशत है।
- बजट में सामाजिक क्षेत्र के लिए 38 प्रतिशत, आर्थिक क्षेत्र के लिए 40% एवं सामान्य सेवा क्षेत्र के लिए 22% का प्रावधान किया गया है।

बजट नहीं मजाक किया गया है पेश- रमन सिंह

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह ने भूपेश सरकार के बजट को मजाकिया और निराशाजनक बताया है। उन्हों ने कहा आर्थिक सर्वेक्षण में कृषि विकास पिछले साल की तुलना में कम हुआ है। सरकार का नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी मॉडल फेल रहा। मैं इस बजट को 10 में से सिर्फ 4 अंक ही दूंगा। यह बजट नहीं जनता के साथ मजाक किया गया है। प्रदेश के साथ भद्दा मजाक है। कृषि और विकास दर के अलावा औद्योगिक विकास दर में साफ गिरावट देखी जा सकती है। पहले से भी ज्यादा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार का यह दूसरा बजट मजाक बनकर रह गया है। सरकार ने बजट में ऐसा कुछ भी नया और अनोखा नहीं किया बल्कि पुरानी विकास दरों से भी पिछड़ने वाला बजट दिया है।

आज बेबाक

ऐसा लगता है देश भर के पुलिस वालो की ग्रह दशा खराब चल रही है। नई दिल्ली में हुए दंगों के लिए वहां की पुलिस विपक्ष के निशाने पर है। छत्तीसगढ़ के पुलिसकर्मियों को सत्ताधारी दल के ही कार्यकर्ता कूट रहे है। यूपी पुलिस की दबंगई के खिलाफ विपक्षी सिर पर आसमान उठाए हुए है। बिहार पुलिस का तो यह हाल है कि चार पुलिसकर्मियों को पुलिस ने ही गिरफ्तार कर लिया है। उन पर किडनैपिंग गैंग चलाने का आरोप लगा है। पुलिस महकमे की जिस तरह मिट्टी पलीत हो रही है उसे देखते हुए पुलिसियों को ग्रह दशा सुधारने किसी पंडित की शरण में जाना चाहिए।

मोदी का भाजपा सांसदों से सांप्रदायिक सौहार्द बनाने में योगदान का आह्वान

नयी दिल्ली,(वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसदों का देश में सांप्रदायिक सौहार्द बनाने में योगदान देने का मंगलवार को आह्वान करते हुए कहा कि राष्ट्र हित के लिए यह अपरिहार्य है।

श्री मोदी ने यहां संसद के पुस्तकालय भवन में आयोजित पार्टी संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए यह आह्वान किया। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने संवाददाताओं को बताया कि प्रधानमंत्री ने कहा, 'हम यहां राष्ट्रीय हितों को पूरा करने के लिए आये हैं। हमारे लिए राष्ट्र सर्वोपरि है और विकास हमारा मंत्र है।'

प्रधानमंत्री ने कहा कि विकास के लिये शांति, एकता और सौहार्द का होना अपरिहार्य है। उन्होंने विपक्ष को घेरते हुए कहा कि कुछ राजनीतिक दलों के लिए पार्टी हित देश हित से अधिक महत्वपूर्ण है। इसका परिणाम हमने देखा है। उन्होंने कहा कि सभी सांसदों को समाज में शांति, सौहार्द और एकता सुनिश्चित ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कार्रवाई संबंधी दावों की स्पष्टता पर उठ रहे सवाल

प्रदेश में छापों का मामला

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। आयकर विभाग द्वारा पिछले चार दिनों से छत्तीसगढ़ में की गई छापेमार कार्रवाई का कुहासा अब छंटने लगा है। सीबीडीटी द्वारा इस संबंध में सोमवार को विज्ञप्ति जारी कर बेहिसाब ट्रांजेक्शन का दावा किया गया था।

लेकिन मंगलवार को आयकर विभाग के जिम्मेदारों द्वारा कई जगहों से जांच खत्म करने के बाद यह नहीं बताया गया कि अफसर, कारोबारी व नेताओं के घर से कर अपवंचन कितने का मिला। जानकार बताते हैं कि कार्रवाई के बाद आयकर विभाग की ओर से प्रेस नोट में पूरी कार्रवाई का ब्योरा दिया जाता है कि किसके यहां से क्या मिला। लेकिन प्रदेश में कुछ न मिलने से गोलमोल विज्ञप्ति जारी कर दी गई। लिहाजा अब प्रदेश में कहा जाने लगा है कि यह पूरी कार्रवाई खोदा पहाड़ और निकली चुहिया और फ्लॉप साबित हुई है।

सूत्र बताते हैं कि कार्रवाई में बमुश्किल तीन करोड़ रुपए ही बरामद हुए हैं। इसमें से 1 करोड़ 1 लाख रुपए की राशि विपक्षी दल के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

ईडी-सीबीआई के नाम से हो-हल्ला

इन छापों में न तो सीबीआई आयी और न ही ईडी और न ही नोटो को गिनने की मशीनें लगायी गई। इन सबको लेकर भी स्थानीय स्तर पर जबदस्त दहशत फैलाई गई। इस छापे में सीआरपीएफ के इस्तेमाल को लेकर भी सवाल उठ रहे है कि जिस सीआरपीएफको प्रदेश में नक्सल ऑपरेशन के लिए रखा गया है उसे राज्य सरकार की अनुमति के बिना कैसे इस अभियान में शामिल किया गया। हालांकि सीबीडीटी की आधिकारिक प्रवक्ता की ओर से सोमवार को बताया गया था कि 2 मार्च तक हुई कार्रवाई में लगभग 150 करोड़ के बेहिसाब ट्रांजेक्शन का खुलासा हुआ है।

संयोग | किसानों के गमछे वाले कपड़ों का जैकेट पहने सदन पहुंचे जब मुख्यमंत्री भूपेश तो...

हुबहू उसी रंग का जैकेट 'नाथे' दिखे पूर्व सीएम रमन

पुलवामा हमले में बाप-बेटी गिरफ्तार, सुसाइड बॉम्बर को पनाह देने का आरोप

नई दिल्ली। एनआईए ने पुलवामा के रहने वाले एक पिता-बेटी को गिरफ्तार किया है। दोनों पर बीते साल 14 फरवरी को सीआरपीएफ पर हुए आतंकी हमले में शामिल सुसाइड बाम्बर आदिल अहमद दर, शाकिर मागरे और जैश-ए-मोहम्मद के कमांडर्स को पनाह देने का आरोप है।

■ विस अध्यक्ष महंत ने ली चुटकी बोले होली में एक ही रंग में रंग जाना चाहिए

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। विधानसभा के बजट सत्र में जब विपक्ष कमर कसे बैठा था तब एक रोचक वाक्या हुआ। इस नजारे के बाद बजट भाषण के वक्त सदन में हास-परिहास भी हुआ। दरअसल मामला था मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खास रंग और खासियतों लिया हल्के गुलाबी रंग का बंद गले का जैकेट। मजेदार यह कि सीएम श्री बघेल के जैकेट से हुबहू मिलता वहीं पैटर्न, वहीं रंग का जैकेट पहने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह भी ठीक सामने विराजमान थे। बस फिर क्या था इस वाक्ये के दौरान दोनों नेताओं के जैकेट और रंग ने विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत को मुस्कुराने के लिए मजबूर कर दिया। सीएम और एक्स सीएम के इस जैकेट ने सदन के सदस्यों के बीच चुहलबाजी भी शुरु हो गई। इन सब के बीच विस.अध्यक्ष चरणदास महंत ने मुस्कुराते हुए बोले बढ़िया है...होली का त्यौहार आने वाला है, सभी को एक ही रंग में रंग जाना चाहिए। यह सुनते ही सदन में हंसी की फुहारें छूटीं।

बजट के खास मौके पर खास जैकेट

छत्तीसगढ़ विधानसभा में बजट का खास मौका तो था ही इस मौके पर सीएम का खास जैकेट भी कई खासियतों वाला था। बताते हैं कि किसान प्रेमी मुख्यमंत्री ने जो खास कॉटन का जैकेट पहने हुए थे वो आमतौर पर किसानों के कंधों में लटके देखा जाने वाला गमछा के कपड़े का बना था। बजट में किसान, गांव के लिए किसानों के उसी खास कपड़े का बना जैकेट पहन सीएम पहुंचे थे।

भूपेश-रमन के बीच आ बैठे बृजमोहन

एक ही दिन दूसरा ऐसा वाक्या हुआ जो चर्चा का विषय बन गया। मामला था बजट भाषण के बाद सेंट्रल हॉल में एक ही कतार में रखे सोफे पर मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री अगल-बगल बैठे थे तभी दोनों के बीच सोफे के हत्थे में आकर विधायक बृजमोहन अग्रवाल बैठ गए। असल में वे सीएम श्री बघेल से कुछ बातें करने की नियत से दोनों के बीच घुसकर बैठे थे। वहीं सीएम के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

संपादकीय

कोरोना वायरस का कहर

कोरोना वायरस ने चीन में तो कहर बरपाया ही है जहां लगभग 3000 लोगों की मौत हो चुकी है और हजारो लोग इसकी चपेट में आ चुके है। कोरोना वायरस ने अब दुनिया के कई देशों में पांच पसार लिया है। इटली, जापान और अफगानिस्तान के अलावा कोरोना वायरस ने अब भारत में भी दस्तक दे दी है, जिसकी वजह से नई दिल्ली और उत्तर प्रदेश में अलर्ट जारी किया गया है। कोरोना के कारण बाजार भी बैठ गया है। कोरोना के कहर का असर भारत में भी नजर आने लगा है। पहले पहल केरल में कोरोना वायरस से ग्रसित एक व्यक्ति का मामला सामने आया था अब उत्तर प्रदेश में आधा दर्जन लोग कोरोना वायरस से ग्रसित पाए गए है। देश के अन्य हिस्सो में भी कोरोना वायरस से दहशत फैल रही है। केन्द्र सरकार ने कोरोना वायरस को लेकर नई एडवायजरी जारी की है। खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी न कहा है कि कोरोना से डरने की आवश्यकता नहीं है लेकिन लोगों को सावधानी बरतनी होगी। दरअसल कोरोना वायरस से ग्रसित व्यक्ति का अभी तक उपचार नहीं ढूंढा जा सका है, ऐसी स्थिति में सावधानी ही बचाव हो सकती है। इसके लिए सरकार अपनी ओर से तो हर संभव कदम उठा रही है उसने कोरोना वायरस के लिए हेल्प लाईन नम्बर जारी की है, वहीं कोरोना वायरस से प्रभावित देशो के लोगों के लिए जारी वीजा को निलंबित कर दिया है किन्तु सिर्फ सरकारी प्रयासों से कोरोना के खतरे से नहीं निपटा जा सकता इसके लिए स्वयं सेवी संगठनों को भी आगे आना होगा और राष्ट्रीय स्तर पर जन जागरूकता अभियान चलाना होगा तभी इस खतरे से निपटा जा सकेगा और भारत में कोरोना वायरस को माहामरी की शक्ल अख्तियार करने से रोका जा सकेगा। गौरतलब है की भारत में पहले ही स्वास्थ्य सुविधाओं का बुरा हाल है। ऐसी स्थिति में कोरोना वायरस के भारत में फैलने से यहां के अस्पतालों में कोरोना वायरस संक्रमित मरीजों के लिए अलग वार्ड बनाना एक गंभीर चुनौती बन सकती है। चीन में तो रिकार्ड समय में एक अस्पताल ही बना डाला गया था किन्तु भारत में ऐसा हो पाना मुश्किल है, यहां तो पहले से उपलब्ध अस्पतालों में ही कोरोना संक्रमित लोगों का उपचार करना पड़ेगा। बेहतर होगा कि देशवासी सावधानी बरतें और सुरक्ष के उपायों को अपनाए। सार्वजनिक स्थलों पर मास्क का उपयोग करें। लोगों से हाथ मिलाने से परहेज करें। इस तरह की सावधानी बरत कर ही हम कोरोना वायरस के शिकार बनने से बच सकते है।

मोदीराज में राजद्रोह मजाक बन गया है

सरकार की आलोचना का मतलब राज्य से युद्ध नहीं होता

के रवीन्द्रन

> न केवल बहुमत का गठन करने वाले दृष्टिकोणों पर विचार किया जाना चाहिए, बल्कि एक ही समय में, असहमतिपूर्ण और महत्वपूर्ण राय भी स्वीकार की जानी चाहिए। मुक्त भाषण को लोकतांत्रिक समाज की नींव माना जाता है। विचारों का एक निःशुल्क आदान-प्रदान, संयम के बिना सूचना का प्रसार, ज्ञान का प्रसार, अलग-अलग दृष्टिकोणों को प्रसारित करना, एक दिखाए गए विचारों पर बहस और गठन करना और उन्हें व्यक्त करना सभी सच्चे लोकतंत्र के अस्तित्व के लिए अभिन्न अंग हैं। अदालतों ने माना है कि प्रधान मंत्री या उनके कार्यों या सरकार के कार्यों की आलोचना के खिलाफराय रखना आईपीसी की धारा 124 ए के तहत राजद्रोह नहीं माना जा सकता है क्योंकि सरकार की आलोचना लोकतंत्र की पहचान है। लेकिन जब से मोदी सरकार सत्ता में आई है, तब से हम इन गतिविधियों में से प्रत्येक को राजद्रोही मानते हैं।

अरविंद केजरीवाल की दिल्ली सरकार ने जेएनयू के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष कन्हैया कुमार और नौ अन्य के खिलाफ कुख्यात 2016 जेएनयू देशद्रोह मामले में मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। कांग्रेस नेता और सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील मनु अभिषेक सिंघवी ने नागरिकता संशोधन अधिनियम की आलोचना के लिए सरकार पर उन्हें राजद्रोह का आरोप लगाने की चुनौती दी है। सेडिशन, जो ऐतिहासिक मील का पत्थर हुआ करता था, जैसे कि मराठा योद्धा शिवाजी का ब्रिटिश शासन को उखाड़ फेंकने का आह्वान, समय बीतने और धारणा में बदलाव के साथ एक मजाक बन गया है।

राजद्रोह कानून औपनिवेशिक विरासत का अवशेष है, हालांकि स्वतंत्र भारत में अदालतों ने इसको बरकरार रखा है। अंग्रेजों ने इसका इस्तेमाल साम्राज्य की रक्षा के लिए किया था। औपनिवेशिक सरकार ने अपने उपनिवेशों में राजद्रोह पर कानूनों के दायरे को बढ़ाने को सही ठहराया, स्पष्ट रूप से किसी भी तरह की आलोचना को दबाने के लिए राजद्रोह का उपयोग करने की प्रवृत्ति को उसने दर्शाया। ब्रिटिश संसद ने 2009 में एक अपराध के रूप में देशद्रोह को समाप्त कर दिया, यह तर्क देते हुए कि राजद्रोह और देशद्रोह का अब कोई स्थान नहीं, जहां अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को पवित्र माना जाता है। लेकिन कई अन्य उदाहरणों की तरह, भारत अभी भी इस कानून को जिंदा रखे हुए है।

प्रधानमंत्री मोदी के अधीन वर्तमान कानून सरकारों के हाथों में एक खतरनाक उपकरण बन गया है, जिसमें असंतोष को दबाने के लिए इसका इस्तेमाल एक दैनिक घटना बन गई है। यह कि देशद्रोह के खिलाफ कानून बोलने की स्वतंत्रता का बहुत विरोधी है, अच्छी तरह से स्थापित है। कुछ समय पहले तक, मुक्त भाषण को व्यापक रूप से भारत में भी लोकतंत्र के सबसे महत्वपूर्ण सिद्धांतों में से एक के रूप में स्वीकार किया गया था। इस स्वतंत्रता का उद्देश्य किसी व्यक्ति को आत्म-पूर्ति प्राप्त करने की अनुमति देना, सत्य की खोज में सहायता करना, किसी व्यक्ति की निर्णय लेने की क्षमता को मजबूत करना और स्थिरता और सामाजिक परिवर्तन के बीच संतुलन स्थापित करना माना जाता है।

राजद्रोह कानून के विरोधियों की ओर से यह तर्क दिया गया है कि भारतीय दंड संहिता की धारा 124 ए के बिना भी, जो देशद्रोही अपराधों की सजा को अनिवार्य करता है, लोगों के बीच सरकार द्वारा पदोन्नत किए जाने के खिलाफ अव्यवस्था को रोकने के लिए पर्याप्त संवैधानिक और वैधानिक सुरक्षा उपाय हैं। लेकिन लगातार सरकारों ने व्यक्तियों और समूहों के खिलाफइसका इस्तेमाल किया है। भारत में न्यायालयों ने कई मौकों पर देशद्रोह कानूनों के दायरे को प्रतिबंधित करने की कोशिश की है और यह तब तक किया है जब तक कि भाषण या कार्रवाई सार्वजनिक अव्यवस्था या इसकी उचित प्रत्याशा या संभावना नहीं होती है, तब तक इसे देशद्रोही नहीं कहा जा सकता है।

यह माना गया है कि जिन कृत्यों या शब्दों की शिकायत की गई है, वे या तो अव्यवस्था के लिए उकसाने चाहिए या उचित पुरुषों को संतुष्ट करने के लिए ऐसा होना चाहिए कि उनका इरादा या प्रवृत्ति है। यह भी बार-बार जोर देकर कहा गया है कि लोकतंत्र बहुमतवाद का दूसरा नाम नहीं है और यह हर आवाज को शामिल करने की एक प्रणाली है, जहां हर व्यक्ति की सोच को गिना जाता है, भले ही उस विचार के समर्थन में कितने लोग हों। लोकतंत्र में, यह स्वाभाविक है कि किसी घटना के लिए अलग और परस्पर विरोधी व्याख्या होगी।

न केवल बहुमत का गठन करने वाले दृष्टिकोणों पर विचार किया जाना चाहिए, बल्कि एक ही समय में, असहमतिपूर्ण और महत्वपूर्ण राय भी स्वीकार की जानी चाहिए। मुक्त भाषण को लोकतांत्रिक समाज की नींव माना जाता है। विचारों का एक निःशुल्क आदान-प्रदान, संयम के बिना सूचना का प्रसार, ज्ञान का प्रसार, अलग-अलग दृष्टिकोणों को प्रसारित करना, एक दिखाए गए विचारों पर बहस और गठन करना और उन्हें व्यक्त करना सभी सच्चे लोकतंत्र के अस्तित्व के लिए अभिन्न अंग हैं।

अदालतों ने माना है कि प्रधान मंत्री या उनके कार्यों या सरकार के कार्यों की आलोचना के खिलाफ राय रखना आईपीसी की धारा 124 ए के तहत राजद्रोह नहीं माना जा सकता है क्योंकि सरकार की आलोचना लोकतंत्र की पहचान है। लेकिन जब से मोदी सरकार सत्ता में आई है, तब से हम इन गतिविधियों में से प्रत्येक को राजद्रोही मानते हैं। सरकार या उसकी नीति के खिलाफएक शब्द बोलने वाले को देशद्रोही माना जाता है। लोगों को अपनी किस्मत का शुक्रिया अदा करना चाहिए कि सत्ताधारी पार्टी के नेताओं ने लोगों द्वारा चुनावी पसंद को राजद्रोह करार नहीं दिया है।

सत्तारूढ़ प्रतिष्ठान का रवैया न केवल इतिहास से सीखने की अक्षमता को दर्शाता है, बल्कि दीर्घायु और सुरक्षा की झूठी भावना को धोखा देता है। सत्तारूढ़ दल को यह याद रखना अच्छा होगा कि जो भी इसके विरोधियों पर आरोप लगा रहे हैं, वे सत्ता से बाहर होने पर उनके नेताओं के खिलाफभी इस्तेमाल कर सकते हैं। **(संवाद)**

विचार

पादरी और बलात्कार

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

पोप फ्रांसिस बधाई के पात्र हैं कि जिन्होंने आखिरकार केरल के पादरी रॉबिन वडक्कमचेरी को ईसाई धर्म से निकाल बाहर किया। आखिरकार शब्द मैंने क्यों लिखा ? इसलिए कि इस पादरी को केरल की एक अदालत ने बलात्कार के अपराध में 60 साल की सजा कर दी थी, इसके बावजूद पोप ने साल भर से इस पादरी के खिलाफकोई कार्रवाई नहीं की। केरल के केथोलिक चर्च ने भी इस पादरी को दंडित नहीं किया। सिर्फउसकी पुरोहिताई को मुअत्तिल कर दिया। 2017 में एक ईसाई लड़की से इस पादरी ने कई बार बलात्कार किया और जब इस पर मुकदमा चला तो इसने कनाडा भागने की कोशिश भी की। इसने कई गवाहों को पल्टा खिला दिया। जब उस 16 साल की लड़की ने एक बच्ची को जन्म दे दिया तो इस पादरी ने उस लड़की के बाप से यह बयान दिलवा दिया कि यह बच्ची का पिता वह पादरी नहीं, मैं हूं। बाद में उस लड़की ने इस पादरी से शादी करने की गुहार भी लगाई लेकिन अदालत ने इन सारी तिकड़मों को रद्द करते हुए रॉबिन को जेल के सींखचों के पीछे भेज दिया। केरल की पुलिस ने उस बलात्कृत लड़की के पिता के विरुद्ध भी मामला दर्ज किया है। यहां असली सवाल यह है कि चर्च, मस्जिद, मंदिर और गुरुद्वारों से इस तरह की काली करतूतों की खबरें क्यों आती हैं ? ये तो भगवान के घर हैं। इनमें बैठनेवाले साधु-संन्यासी, पंडित, मुल्ला, पादरी वगैरह तो अपने आपको असाधारण पुरुष मानते हैं। इनकी असाधारणता ही इनका कवच बन जाती है। इन पर लोग शंका करते ही नहीं हैं। मेरा निवेदन है कि इस तरह के धर्म-ध्वजियों पर सबसे ज्यादा शंका की जानी चाहिए। उनके आचरण पर कड़ी निगरानी रखी जानी चाहिए। और जब ये किसी भी प्रकार का कुकर्म करते हुए पकड़े जाएं तो इन्हें असाधारण सजा दी जानी चाहिए। यूरोप और अमेरिका में पादरियों के व्यभिचार और बलात्कार के हजारों किस्से सामने आते रहते हैं लेकिन उन्हें ऐसी तगड़ी सजा कभी नहीं मिलती, जो कि भावी अपराधियों की हड्डियों में कंपकंपी मचा दे। रोमन केथोलिक चर्च में ब्रह्मचर्य पर जरुरत से ज्यादा जोर दिया जाता है, जैसे कि हमारे यहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में दिया जाता है लेकिन भारत में तो यह जोर किसी तरह निभ जाता है लेकिन गोरे देशों में इसके उल्लंघन में ही इसका पालन होता है। यदि ईसाइयत के अंधकार-युग के एक हजार साल का इतिहास देखें तो खुद कई पोप ही बलात्कार और व्यभिचार करते हुए पकड़े गए हैं। वह दिन कब आएगा, जबकि भारत के पादरियों के ऊंचे और पवित्र चरित्र का सिक्का सारी दुनिया में चमकेगा ?

लोग टूट जाते हैं एक घर बनाने में, तुम तरस नहीं खाते बस्तियां जलाने में

दीपक कुमार त्यागी

> वैसे राजधानी दिल्ली की इस मौजूदा हालात के लिए हमारे देश के कुछ जहरीले बयानवीर नेता जिम्मेदार है, जो अपने चंद राजनीतिक स्वार्थों के लिए समाज में आपसी भाईचारे को खत्म करके धार्मिक उन्माद भड़काने पर लगे हुए है। पिछले कुछ समय से देश में जगह-जगह ये चंद नेता अपने जहरीले बयानों से लोगों को जिस तरह से सीएए, एनआरसी व एनपीआर के विरोध व पक्ष की आड़ लेकर भड़का रहे थे। सूत्रों के अनुसार उसकी प्रतिक्रिया के रूप में ही दिल्ली में इतना बड़ा सुनियोजित दंगा हुआ है। अब दिल्ली में दंगा होने के बाद यह जहरीले बयानवीर लोग चैन से अपने घरों में सुरक्षित छिपे बैठे है और इन बयानवीरों को उकसावे में आकर कुछ लोग धर्म के नाम पर एक दूसरे के खून के प्यासे हो गये हैं। हम लोग कभी यह नहीं सोचते है कि दंगाइयों की कोई जाति या धर्म नहीं होता है उनका अपना एक छिपा हुआ ऐजेंडा होता है जिसको वो आमजनमानस को बहला-फुसला कर उकसा कर नफरत फैलाकर पूरा करते हैं।

महान शायर बशीर बद्र साहब की ये पंक्तियां दिल्ली के हाल के घटनाक्रम पर एकदम सटीक बैठती हैं। जिस तरह 23 फरवरी 2020 रविवार के दिन भारतीय इतिहास में चंद नेताओं के द्वारा नफरत के जहरीले बयानों पर बोयी गयी जहरीली फसल को काटने के दिन के रूप में इतिहास में हमेशा याद रखा जायेगा। इस दिन विश्व में सत्य अहिंसा के पुजारी के रूप में अपनी पहचान रखने वाले महान शख्सियत महात्मा गांधी के अपने प्यारे देश भारत की राजधानी दिल्ली हिंसा पर उतावली भीड़ के हाथों जगह-जगह लगातार कई दिनों तक जलती रही। कुछ नेताओं के जहरीले बयानों के चलते नफरत की आग में जलते हुए लोगों ने एक-दूसरे से बदला लेने के उन्माद में इंसानियत की दुश्मन बन चुकी अंधी उन्मादी भीड़ का हिस्सा बनकर इंसानियत के धर्म को भूलकर, एक ही पल में ना जाने कितने घरों के चिरागों को हमेशा के लिए बुझा दिया, कितने परिवारों के जीवन भर पाई-पाई जोड़कर बनाये आशियाने व व्यापारिक प्रतिष्ठानों को आग लगाकर उजाड़ दिया, कितने परिवारों को भविष्य में हमेशा के लिए रोजीरोटी के लिए मोहताज करने वाले हालत उत्पन्न कर दिये हैं। सरकार व शासन-प्रशासन के गैरजिम्मेदाराना रवैये के चलते देश के दिल दिल्ली में इस भीडतंत्र के ताडंव के सामने जो आया वो तिनके की तरह बिखरता चला गया। इंसान व इंसानियत की दुश्मन बनी उन्मादी भीड़ ने अपने ही हाथों से अपनी बस्ती, कालोनी व मौहल्लों में रहने वाले दूसरे धर्म के लोगों के घरों को आगजनी करके उजाड़ डाला, अपने ही बीच हंस बोलकर रहने वाले अपने परचित लोगों की बिना कुछ सोचें समझे हत्याएं कर डाली। बदले की आग में पागल उन्मादी भीड़ बिना किसी कानून के सम्मान व भय के तीन दिनों तक हर तरफ नफरत के भूकंप से दिल्ली की धरती को जमकर दहलाती रही। दिल्ली सरकार व केंद्र सरकार के गृहमंत्रालय के आधीन आने वाली दिल्ली पुलिस दंगाइयों की तैयारी के चलते दंगा नियंत्रण करने में एक दम बेबस लाचार नज़र आ रही थी। हर तरफउन्मादी भीड़ के चलते चीखपुकार, हाहाकार व आग ही आग नज़र आ रहा था। दंगाइयों के दुस्साहस के चलते स्वयं सबकी रक्षा की जिम्मेदारी का निर्वहन करने वाली दिल्ली पुलिस के आलाधिकारी तक इन दंगाइयों के शिकार बन गये थे। यहाँ तक की हैड कांस्टेबल रतन लाल व आईबी के अधिकारी अंकित शर्मा को दंगाइयों को रोकना भारी पड़ा उनको अपनी शहादत देनी पड़ी। लेकिन जब 25 फरवरी मंगलवार को दंगाग्रस्त क्षेत्र में दंगा नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल स्वयं आधी रात को सड़कों पर उतरे, तो उनके द्वारा बरती सख्ती के बाद से अब जगह-जगह पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स मौजूद है और दिल्ली के दंगाग्रस्त क्षेत्र में अब चारों तरफ ताडंव के सबूतों के साथ खौफनाक शांति

पसरी हुई है। मंगलवार की रात को जब इस क्षेत्र में हर तरफ मारकाट अपने चरम पर थी, तब एनएसए अजीत डोभाल दंगाग्रस्त इस क्षेत्र के निवासियों के लिए एक देवदूत की तरह बनकर आये और दंगा को नियंत्रण करके ना जाने कितने लोगों को अपनी कार्यशैली व कुशल प्रशासनिक नेतृत्व के बलबूते जीवन दान दे गये। लेकिन अफसोस सरकार के द्वारा समय रहते प्रभावी कदम ना उठने के चलते यह दंगा बहुत सारे लोगों को बहुत गहरे जख्म हमेशा के लिए दे गया, हालांकि समय सभी जख्मों पर मरहम लगाकर उनको भर देता है लेकिन जिस परिवार पर बीतती है वह परिवार कभी भी आसानी से ऐसे हैवान जनति हादसों को नहीं भूल पाता है।

राजनांदगांव। विकासखंड स्तरीय द्वितीय सोपान स्काउट गाईड प्रशिक्षण शिविर 25 से 27 फरवरी 2020 तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खुज्जी में आयोजित हुआ। तीन दिवसीय इस शिविर का उद्घाटन 25 फरवरी को सोनाली पंसारी सरपंच खुज्जी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विकासखंड डोंगरगांव के स्काउट गाईड अध्यक्ष टोमन साहू, एबीओ रश्मि ठाकुर एवं स्काउट गाईड के पदेन आयुक्त आरएल पात्रे, एबीईओ जयंत साहू, गुमान साहू प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खुज्जी, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष अनिल पंसारी, शिविर संचालक जीएस राजपूत, संगठन आयुक्त अलख राम साहू, वसीम खान, शाला के वरिष्ठ व्याख्याता महेश कुमार ठाकुर, शाला के सभी शिक्षकगण व विकासखण्ड के विभिन्न विद्यालयों से आये। स्काउट गाईड प्रभारी एवं पूरे विकासखंड से 80 स्काउट एवं गाईड्स छात्र-छात्राएं कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर अतिथियों ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को शिविर का भरपूर लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। स्काउट गाईड के छात्र एक सामान्य छात्रों से अलग होते हैं और उनके अंदर विपरीत परिस्थितियों के सामना करने का हुनर एवं क्षमता होती है। स्काउट का छात्र संघर्षशील, साहसी, और नैतिक गुणों से युक्त होता है।

कुपोषण दूर करने लगाई जाएगी समुदाय आधारित सुपोषण चौपाल

नव प्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। राज्य शासन के निर्देशानुसार 8 मार्च से 22 मार्च 2020 तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। पोषण पखवाड़ा का मुख्य थीम पोषण के बेहतरीन परिणाम के लिए 'पोषण अभियान में पुरूषों की भागीदारी को बढ़ावा देना है'। इसका मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य पोषण के प्रति हितग्राहियों को जागरूक करना व सेवाओं तक उनकी पहुंच को सुगम बनाना है। पोषण पखवाड़ा का आयोजन जिला, विकासखंड और ग्राम स्तर पर किया जाएगा। पखवाड़े के मुख्य विषय शिशु का प्रथम एक हजार दिवस, एनीमिया, हाथ धुलाई व स्वच्छता एवं पोष्टिक आहार (खाद्य विविधता) है। पोषण पखवाड़ा के दौरान संदेश को परिवारों तक पहुंचाने के लिए गृह भेंट, ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें हितग्राहियों को टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच, आयरन सिरप आदि सेवाएं दी जाएगी एवं समुदाय आधारित गतिविधियों के लिए सुपोषण चौपाल का आयोजन भी किया जाएगा।

पखवाड़े के लिए निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 8 मार्च को जिला स्तर और विकासखंड स्तर पर पोषण मेला का आयोजन किया जाएगा। आंगनबाड़ी केन्द्रों, गांवों, शहरी बस्तियों और श्रम बस्तियों में प्रभात फेरी निकाली जाएगी। पंचायत स्तर पर बैठके होंगी।

गर्मी से निपटने की तैयारी, वार्डों को मिलेगा बोरिंग का पानी

नव प्रदेश संवाददाता

महासमुंद। 02 मार्च, इमलीभाठा दशहरा मैदान के पास एक निजी बोर से गर्मी में वार्ड के नागरिकों को होगी पानी सप्लाई। यतियतन लाल वार्ड नंबर 02, के पार्षद राहुल चंद्राकर के एक प्रयास से इसाई समाज के सेवाभावी महिला श्रीमती जया जेम्स एवं जेम्स जॉन की भूमि पर खनन की गई बोर से सार्वजनिक उपयोग के पानी देने के लिए अपनी सहमति दी है।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर एवं वार्ड के पार्षद राहुल चंद्राकर ने जेम्स परिवार का आभार जताया है। पालिका अध्यक्ष श्री चंद्राकर ने जल प्रभारी विजय श्रीवास्तव को निर्देशित किया है कि उक्त बोर में 5 एचपी का मोटरपंप लगाकर स्थानीय वार्ड के मेन पाइपलाइन से जोड़ा जाए। वहीं बोर के पास ही 5 हजार लीटर पानी टंकी लगाने के निर्देश दिए। पालिका अध्यक्ष श्री चंद्राकर ने कहा इस बोर का कनेक्शन मेन पाइप लाइन से जुड़ने पर लोगों को गर्मी में पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध होगी।

रविवि के दीक्षांत समारोह में शामिल हुई राज्यपाल

महासमुंद। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुन्द की प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष हिन्दी और प्रखर वक्ता तथा लोक साहित्य विद् डा. अनसूया अग्रवाल (डी.लिट्) ने विगत दिनों पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के दीक्षांत समारोह में बोर्ड आफस्टडीज हिन्दी की चेयरमेन एवं विश्वविद्यालय की एकेडेमिक काउंसिल के सदस्य के रूप में शोभायात्रा में अपनी भागीदारी दी। विदित हो कि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 25वां दीक्षांत समारोह साहित्यकार अशोक बाजपेयी के मुख्य आतिथ्य, छग की राज्यपाल एवं कुलाधिपति अनुसुइया उइके की अध्यक्षता, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री उमेश पटेल के विशेष आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में कुलपति प्रो. केशरी लाल वर्मा ने स्वागत भाषण एवं अशोक बाजपेयी ने दीक्षांत भाषण प्रस्तुत किया।

मितान महोत्सव में कलाकारों ने बिखेरा लोकरंग

■ **सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा**

■ **50 लोक कलाकारों का हुआ सम्मान**

नव प्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। मितान छत्तीसगढ़ी लोक कलाकार कल्याण संघ राजनांदगांव के तत्वाधान में नगर में मितान लोक महोत्सव 2020 का ऐतिहासिक एवं यादगार आयोजन किया गया। दोपहर में यहां रोड शो के माध्यम से 1000 से ज्यादा कलाकारों ने अपनी

परंपरागत वेशभूषा में नाँदगांव की सड़कों पर समूची लोक संस्कृति को उतार दिया। वहीं दोपहर बाद से लेकर देर रात तक स्थानीय पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर छत्तीसगढ़ की समृद्ध शाली लोक संगीत एवं लोककला को मंच पर जीवंत कर दिया। 50 से ज्यादा शीर्षस्थ लोक कलाकारों का सम्मान कर मितान में नगर में एक नई परंपरा की शुरुआत की।

खचाखच भरे ऑडिटोरियम में मितान लोक महोत्सव 2020 के मुख्य अतिथि डोंगरगांव के विधायक दलेश्वर साहू थे। अध्यक्षता महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने की। विशेष अतिथि गुंडरदेही के विधायक कुंवर सिंह निषाद और राजगामी संपदा न्यास राजनांदगांव के अध्यक्ष विवेक वासनिक और शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा थे। अतिथियों ने मां सरस्वती की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पूजा.अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं जागरुति वाधेला (JAGRUTI VAGHELA) W/O अशोक वाधेला (ASHOK VAGHELA) निवासी-मं नं. 102 वार्ड नं. 14 बलदेव बाग राजनांदगांव (छ.ग.) यह शपथ करती हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम जागरुति वाधेला (JAGURITI VAGHELA) W/O अशोक वाधेला (ASHOK VAGHELA) रख लिया है। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम जागरुति वाधेला (JAGURITI VAGHELA) W/O अशोक वाधेला (ASHOK VAGHELA) से ही जाना पहचाना जावे।

जागरुति वाधेला
मं नं. 102 वार्ड नं. 14 बलदेव बाग राजनांदगांव (छ.ग.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अशोक कुमार वाधेला (ASHOK KUMAR VAGHELA) S/O अनंनत राय वाधेला (ANANT RAI VAGHELA) निवासी-मं नं. 102 वार्ड नं. 14 बलदेव बाग राजनांदगांव (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम अशोक वाधेला (ASHOK VAGHELA) S/O अनंनत राय वाधेला (ANANT RAI VAGHELA) रख लिया है। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम अशोक वाधेला (ASHOK VAGHELA) S/O अनंनत राय वाधेला (ANANT RAI VAGHELA) से ही जाना पहचाना जावे।

अशोक वाधेला
मं नं. 102 वार्ड नं. 14 बलदेव बाग राजनांदगांव (छ.ग.)

रहस्यों से भरी प्राचीन गुफा चितवा डोंगरी का होगा संरक्षण

अरमान अश्क

बालोद। बालोद जिला कलेक्टर रानू साहू और वन मंडल अधिकारी सतोविसा समाजदार द्वारा डौंडीलोहारा विकासखंड के ऐतिहासिक स्थल चितवा डोंगरी का संयुक्त भ्रमण कर वहां स्थित आदिम युगीन प्राचीन गुफाएं, शैलाश्रय, भित्ति चित्र का अवलोकन कर इस प्रागैतिहासिक स्थल को सुरक्षित और संरक्षित करने की बातें कही गई तथा प्राचीन गुफाओं के समीप गोंदली जलाशय के तटीय भाग को विकसित करने कार्य योजना बनाने की चर्चा हुई।

जिले के दो प्रमुख एवं सक्षम अधिकारियों द्वारा इस ऐतिहासिक महत्व के धरोहर को सहेजने की महती सोच से जिले के विभिन्न स्थानों में फैले पुरातत्व अवशेषों के संवर्धन का मार्ग प्रशस्त हो ना स्वाभाविक है!बरसो प्रतीक्षा के बाद इन प्राचीन धरोहरों को सहेजने की बात स्वागतेय है।

चितवा डोंगरी यहां है स्थित

डौंडीलोहारा विकासखंड के ग्राम सहगांव से 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित गोंदली जलाशय के तटीय भाग में कुछ प्राचीन टीले आज भी मौजूद हैं , इन्हीं टीलों में दफ्न है, महा पाषाण युगीन सभ्यता के रहस्य, इन टीलों में अनेक प्राकृतिक गुफाएं सैलाश्रय तथा शैल चित्र भी हैं। स्थानीय लोग इस स्थल को चितवा डोंगरी के नाम से जानते हैं । आसपास जंगल होने के कारण जंगली जानवरों का बसेरा इन्हीं गुफाओं में होता है इसलिए इस स्थल का नाम चितवा डोंगरी पड़ गया। चितवा डोंगरी में स्थित प्राकृतिक गुफाएं व शैल चित्रों के सूक्ष्म अध्ययन से यहां की पुरातन व्यथा कथा उजागर होगी। संभवत आदि मानव के निवास रहन-सहन, प्राचीन सभ्यता के संदर्भ में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश के पुरातत्व विभाग को चितवा डोंगरी के प्राचीन गुफाओं एवं शैल चित्रों के बारे में जानकारी है। परंतु आज पर्यंत तक यहां अन्वेषण कार्य नहीं किया गया ,यदि पुरातत्व विदों के देखरेख में इस प्राचीन स्थल का खनन, अध्ययन कार्य करने से इन गुफाओं में छिपे रहस्य का पता लगाया जा सकता है।

दरअसल में जीवनदायिनी शिवनाथ नदी और महानदी के मध्य भाग में स्थित बालोद जिले के एक बड़े भूभाग में महापाषाण युगीन पुरातात्विक अवशेषों का एक बड़ा जखीरा इस जिले में आज भी मौजूद है ,जो वर्तमान में विध्वंस कारी तत्वों द्वारा इन प्राचीन धरोहरों को नुकसान ही पहुंचाया जा रहा है। इन्हे सहेजने और संरक्षित करने वाले जिम्मेदार वर्ग बालोद जिले के प्राचीन धरोहरों से अनभिज्ञ हैं। गत दिनों बालोद जिला कलेक्टर और डी एफ ओ के 'चितवा डोंगरी' दौरे से एक उम्मीद जागी है कि चितवा डोंगरी के साथ ही बालोद जिले के विभिन्न स्थानों में फैले महापाषाण युगीन पुरातात्विक धरोहरों का समुचित संरक्षण व संवर्धन होगा।

और भी हैं कई गुफाएं...

कुसुम कसा से लगभग 6 किलोमीटर की दूरी पर, पश्चिम दिशा की ओर ग्राम देव पनडूम स्थित है ।इस गांव के आसपास प्राचीन सभ्यता के निशान मौजूद है । गांव से कुछ ही दूर पर एक विशालतम गुफा है। इस गुफा को रहस्यों का गुफा कहा जाता है तथा गुफा को लेकर स्थानीय लोगों में आज भी तरह-तरह की किवदंती फैली हुई है। कहा तो यह भी जाता है कि इस प्राकृतिक गुफा में प्रवेश करने वाला कभी वापस नहीं लौटता है। कुछ लोगों का मानना है कि इस गुफा में आकुत सोने चांदी के भंडार हैं। तो कुछ का मानना है कि यहां जहरीले सांपों का बसेरा है । गुफा को लेकर तरह-तरह की बातें लंबे समय से की जा रही है, परंतु आज तक इस गुफा का रहस्य , रहस्य ही बना है इस प्राचीन गुफा की भी पुरातत्ववेताओं द्वारा सूक्ष्मा अध्ययन करना चाहिए ताकि गुफा के भीतर का रहस्य उजागर हो सके । और लोगों की भ्रांतियां मिट सके ।

पुरातत्व का है बुरा हाल

प्रदेश के जाने-माने पुरातत्व वेता प्रोफेसर अरुण कुमार शर्मा के अनुसार बालोद जिले के विभिन्न क्षेत्रों में महापाषाण युगीन अवशेष अत्यधिक स्थलों पर पाए गए हैं। परंतु उनके रखरखाव समुचित संरक्षण एवं संवर्धन में छत्तीसगढ़ पुरातत्व विभाग पूरी तरह सक्रिय नहीं है। इन धरोहरों को सुरक्षित रखने के लिए स्थानीय लोगों ने जागरूकता भी होनी चाहिए। तथा शासन प्रशासन को भी ऐसे महत्व के चीजों को सुरक्षा प्रदान करना चाहिए ।

न्यूज गैलरी

अध्यक्ष निधि राशि का उपयोग कर कर्मचारियों को दे वेतन: हथेल

डोंगरगढ़ । स्थानीय नगर पालिका के कर्मचारियों को विगत 3,4 माह से वेतन नही मिला है जिसके चलते शहर को सुंदर व स्वक्ष रखने वाले विभाग के अनियमित सहित नियमित कर्मचारियों के सामने भयंकर समस्या

उत्पन्न हो गई है । पालिका में पदस्थ सैकड़ो कर्मचारियों के सामने घर चलाने से लेकर बच्चों की पढ़ाई लिखाई तक के समस्या देखने को मिल रहा है । वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभान्वित हितग्रहियों को समय पर राशि नहीं मिलना भी एक पालिका प्रशासन के लिए मुसीबत बन के खड़ा है । नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष तरुण हथेल ने कहा है कि कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलना दुर्भाग्य है, शहर के विभिन्न समास्यों का निदान करने वाला विभाग आज खुद अपनी समस्या से जूझ रहा है । तरुण हथेल ने कहा है कि अध्यक्ष निधि में लगभग 20 लाख रूपये है और वेतन हेतु उस राशि का उपयोग अनुविभगिय अधिकारी, जिलाधीश से अनुमति लेकर कर्मचारियों भुगतान कर बाद में आने वाले राजस्व वसूली को वापस निधि में समायोजित किया जा सकता है ।

आरटीई के तहत निजी स्कूलों में दाखिला के लिए ऑनलाईन आवेदन

बलौदाबाजार। शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के अंतर्गत शिक्षा सत्र 2020-21 में दाखिले के लिए आवेदन लेने का काम शुरू हो चुका है। निजी स्कूलों की शुरूआती कक्षाओं में स्वीकृत कुल सीट का 25 प्रतिशत दाखिला आरटीई के अंतर्गत लिया जाता है। ये आवेदन ऑनलाईन तरीके से चार चरणों में लिये जाएंगे। प्रथम चरण का आवेदन इस महीने की 22 तारीख तक स्वीकार किये जाएंगे। शिक्षा का अधिकार अधिनियम की पोर्टल लिंक डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट एजुपोर्टल डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन स्लैश आरटीई में जाकर आवेदन किये जा सकते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी श्री आ.के.वर्मा ने बताया कि जिले की 286 निजी स्कूलों में आरटीई के अंतर्गत प्रवेश दिये जाएंगे।

जन-चौपाल में कलेक्टर ने सुनी आम जनता की समस्याएं

बलौदाबाजार। जिला कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज यहां जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जन-चैपाल में बड़ी संख्या पहुंचे ग्रामीणों और किसानों की समस्याएं सुनी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से आवेदकों का आमना-सामना करवाकर मामले को समझा और इनका समाधान कराया। कलेक्टर ने आज के जन-चैपाल में 160 से ज्यादा प्रकरणों का निराकरण किया। कुछ गंभीर किस्म की समस्याओं में जांच की जरूरत को देखते हुए इनकी नियमित निगरानी के लिए टी.एल.पंजी में मामला दर्ज कर अधिकारियों से रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। अपर कलेक्टर श्री जोगेन्द्र नायक एवं जिला पंचायत के सीईओ श्री आशुतोष पाण्डेय ने भी लोगों से मुलाकात कर समस्याएं सुनी।

प्लेसमेंट कैम्प में आज 265 पदों पर होगी भर्ती

गरियाबंद। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, गरियाबंद द्वारा शासकीय आईटीआई परिसर मजरकट्टा गरियाबंद में 4 मार्च, बुधवार को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 03.00 बजे तक निःशुल्क प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निजी प्रतिष्ठान- प्रगति होम केयर सर्विसेस, देवपुरी रायपुर, (छ.ग.), टॉप कैरियर सर्विस, रायपुर एवं आईटीएम स्किल एकेडमी पंडरी रायपुर द्वारा केयर टेकर, नर्सिंग सहायक, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, सिक्योरिटी गार्ड, डिलेवरीबॉय, सेल्स ऑफिसर, बिजनेस डवलपमेंट एक्जेकेटिव, सहायक प्रबंधक के 265 रिक्त पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जायेगी। निजी प्रतिष्ठान में रोजगार के इच्छुक ऐसे आवेदक, जो न्यूनतम 8वीं, 10वीं, आईटीआई (इलेक्ट्रेशियन/फिटर), एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग एवं स्नातक की योग्यता रखते हों लाभ ले सकते हैं।

सफाई व्यवस्था में बालोद फिसड्डी

बालोद। एक ओर जहां केंद्र सरकार से लेकर राज्य सरकार तक स्वच्छ भारत मिशन जैसे स्वछता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं तो वही बालोद जिले के प्रवेश द्वार में ही गंदगी का आलम इस बात की ओर इंकित कर रहा है कि स्थानीय नगर पालिका किस तरह से राज्य एवं केंद्र सरकार के सपनों का पलीता करने पर लगे हुए हैं आश्चर्यजनक बात तो यह है कि राज्य में कांग्रेस की सरकार आने के बाद नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने भी चुनाव पूर्व नगर के स्वरूप बदलने के साथ ही नगर को स्वच्छ रखने का वादा किया था परंतु नगर पालिका अध्यक्ष के चुनाव पूर्व किए गए वादे धराशाई होते नजर आ रहे हैं ना ही नगर में कुछ विकास दिख रहा है और ना ही किसी तरह की सफाई दिख रही है स्थिति इतनी बद से बदतर हो चुकी है कि शहर के प्रवेश द्वार घड़ी चौक में ही गंदगी की बदहाली तथा नालियों से उठने वाली दुर्गंध के चलते यहां से गुजरने वाला प्रत्येक व्यक्ति इस बात का अंदाजा आसानी से लगा लेते हैं कि नगर का विकास किस गति पर

नवप्रदेश लगातार

है अवगत हो कि शहर के सब से व्यस्तम पर बसा घड़ी चौक यहां से नगर के लगभग प्रत्येक व्यक्ति का आवागमन होता है सभी वार्ड की महिलाएं इसी चौक से होकर सब्जी बाजार तथा अन्य किराना सामग्री लेने हेतु यहीं से गुजर कर जाती है तथा सदर रोड में निवास करने वाले लोग इसी मार्ग से गुजर कर बस स्टैंड जिला चिकित्सालय के साथ-साथ कॉलेज जाने के लिए भी यही एकमात्र मार्ग है परंतु नालियों से उठती दुर्गंध के कारण यहां से गुजरने वाले लोगों का सांस लेना भी दूभर हो जाता है आश्चर्यजनक बात तो यह है कि इस मसले को लेकर यहां के आसपास निवासरत व्यापारियों ने नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा से मुलाकात कर साफ सफाई की मांग की थी।

बजबजा रहीं नालियां

स्वच्छ भारत अभियान का ढोल पीटने वाले नगर पालिका प्रशासन साफसफाई में भी फिसड्डी साबित हो रहे हैं। खुद को ओडीएफ प्लस की श्रेणी में आगे बताने वाले नगर पालिका प्रशासन के नेतृत्व कर्ता नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा घड़ी चौक के नालियों व अन्य चौक चौराहों की सफाई व्यवस्था में कितने सक्रिय है। इसका नजारा यहां की बजबजा रही नालियों को देखकर ही अंदाजा लगाया जा सकता है। सफाई का यही हाल रहा तो लोग आंदोलन पर भी उतर सकते हैं। जिसकी पूरी जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन के उन निकम्मे अधिकारियों की होगी जिनके कंधे पर नगर की सफाई व्यवस्था का जिम्मा है नगर के प्रवेश द्वार का यह आलम है तो वार्ड के अंदर की क्या स्थिति होगी इस बात का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है ।

सरकारी जमीन को कूटरचना कर दूसरे के नाम किया दर्ज

- तत्कालीन पटवारी सहित छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज
- विधायक के सवाल पर राजस्व मंत्री ने दी जानकारी

नव प्रदेश संवाददाता

महासमुंद। पिथौरा तहसील अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 53 से लगे ग्राम लहरौद से सांकरा तक के शासकीय जमीन को कूटरचना कर व्यक्ति विशेष के नाम पर दर्ज करने की दो शिकायतें मिली है। दोनों ही प्रकरणों की जांच में शिकायत सही पाई गई और तत्कालीन पटवारी सहित छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। यह जानकारी राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के पूछे गए सवाल पर दी।

विधानसभा के बजट सत्र में सोमवार को विधायक श्री चंद्राकर ने महासमुंद जिले में शासकीय भूमि को कूटरचना कर व्यक्ति विशेष के ना पर दर्ज करने संबंधी मामला उठाया। जिस पर जानकारी देते हुए राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने बताया कि पिथौरा तहसील अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 53 से लगे ग्राम लहरौद से सांकरा तक के शासकीय जमीन को कूटरचना कर व्यक्ति विशेष के नाम पर दर्ज करने की दो शिकायतें मिली है। दोनों प्रकरणों की जांच तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी बीएस एक्का द्वारा कराई गई। जांच में शिकायत सही पाई। प्रथम शिकायत में तत्कालीन पटवारी बेंजामिन सिक्का सहित शिवकुमार तिवारी, सेतराम सोनवानी, रामेश्वर चैहान, घांसी प्रजापति तथा दूसरी शिकायत में लक्ष्मीनारायण अग्रवाल व तत्कालीन पटवारी बेंजामिन सिक्का दोषी पाए। बाद इसके पिथौरा थाना में उपरोक्त के खिलाफधारा 420, 408, 466, 467, 468, 471, 409, 120 बी, 34 तथा धारा 420, 34 के तहत मामला दर्ज कराया गया।

एक प्रतिशत से अधिक सूखत आने पर नोटिस जारी

विधायक श्री चंद्राकर ने महासमुंद जिले के संग्रहण केंद्रों में धान की कमी-सूखत की जानकारी का मामला उठाया। जिस पर मंत्री डा प्रेमसाय सिंह टेकाम ने बताया कि महासमुंद जिले में 127 धान उपार्जन केंद्रों के माध्यम से धान खरीदी की जा रही है। वर्ष 2017-18 में महासमुंद संग्रहण केंद्र में 737.12 मे टन, बागबाहरा संग्रहण केंद्र में 176.33 मे टन, पिथौरा संग्रहण केंद्र में 294.30 मे टन, बसना संग्रहण केंद्र में 515.42 मे टन व सरायपाली संग्रहण केंद्र में 752.88 मे टन तथा वर्ष 2018-19 में महासमुंद में 3023.44 मे टन, बागबाहरा में 1111.50 मे टन, पिथौरा में 627 मे टन, बसना में 1117.90 मे टन व सरायपाली संग्रहण केंद्र में 1320.15 मे टन सूखत की मात्रा शामिल है। खरीफवर्ष 2017-18 में एक प्रतिशत से अधिक सूखत आने पर संग्रहण केंद्र प्रभारी महासमुंद, बसना व सरायपाली को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। वहीं खरीफवर्ष 2018-19 में जिले के पांचों संग्रहण केंद्रों के प्रभारियों को नोटिस जारी किया गया है।

कलेक्टर ने राजिम माघी पुन्नी मेला स्थल सफाई कार्य का किया निरीक्षण

गरियाबंद। कलेक्टर श्याम धावड़े ने राजिम के त्रिवेणी संगम में आयोजित माघी पुन्नी मेला समाप्ति पश्चात मेला स्थल की सफाई कार्य का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर राजिम के एसडीएम जी.डी. वाहिले , तहसीलदार ओ.पी. वर्मा भी साथ थे। ज्ञात हो कि मेला समाप्ति पश्चात नगरीय निकाय राजिम एवं नवापारा के अधिकारी, राजिम व मगरलोड के राजस्व अमले और जल संसाधन विभाग, पीएचई तथा संबंधित विभागों को महानदी स्थल में साफ-सफाई के निर्देश दिये गये हैं। अधिकारियों को नदी के आसपास बिखरे अपशिष्ट पदार्थो का प्रबंधन उचित तरीके से करने कहा गया है। कलेक्टर श्याम धावड़े ने अधिकारियों के साथ मौका मुआयना किया।

ड्रायविंग लायसेंस बनाने के नाम पर अधिक राशि लेने की शिकायत

- कलेक्टर ने दिये कार्यवाही के निर्देश

गरियाबंद। संयुक्त जिला कार्यालय गरियाबंद में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित जन चौपाल कार्यक्रम में आज 27 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्याम धावड़े ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से आये नागरिकों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभाग को निराकरण हेतु आवेदन रिमार्क किया। जन चौपाल में मैनपुर के ग्राम सरगीगुड़ा के तुलाराम एवं सीताराम ने पशुशेड निर्माण की राशि भुगतान करने की मांग की। उन्होंने कलेक्टर को बताया कि सन् 2018-19 में स्वीकृत पशु शेड बनकर तैयार हो गया है, लेकिन राशि अभी तक अप्राप्त है। कलेक्टर ने पशुपालन विभाग को जांचकर राशि जारी करने के निर्देश दिये है। श्रम विभाग से कौशल विकास योजना अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके मालती यादव एवं भानुमति सिन्हा ने स्कॉलरशीप हेतु आवेदन दिया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 41 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ने पिछ्ले आठ माह से वेतन भुगतान नहीं होने की शिकायत करते हुए शीघ्र वेतन प्रदान करने की मांग कलेक्टर से की है। ड्रायविंग लायसेंस बनवाने के नाम पर परिवहन विभाग में एजेंटों द्वारा अधिक राशि लेने के संबंध में ग्राम पांडुका के भागवत राम सिन्हा ने शिकायत किया।

कलेक्टर ने प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

गरियाबंद। कलेक्टर श्याम धावड़े ने विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर आज कलेक्टोरेट परिसर में स्वास्थ्य विभाग के राष्ट्रीय बधिरता बचाव एवं रोकथाम कार्यक्रम अंतर्गत प्राथमिक कर्ण एवं श्रवण सुरक्षा रथ को हरी झंडी दिखाकर गंतव्य को रवाना किया। उक्त रथ के माध्यम से बहरेपन के कारण व इसकी रोकथाम के संबंध में लोगों को जागरूक किया जायेगा। रथ के रवानगी समय जिला पंचायत सीईओ श्री विनय लंगेह, गरियाबंद एसडीएम जे.आर. चौरसिया, मैनपुर एसडीएम अंकिता सोम, देवभोग एसडीएम भूपेन्द्र साहू, डिप्टी कलेक्टर ऋक्षा ठाकुर, सीएमएचओ डॉ. एन.आर. नवरत्न, सिविल सर्जन डॉ टंडन, डीपीएम डॉ रीना लक्ष्मी सहित समस्त विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

रिटायर्ड एसडीओपी बोले, बालोद से परिवारिक रिश्ता रहा, यादगार रहेगा यह

नव प्रदेश संवाददाता

बालोद । जिस वक्त बालोद जिला नहीं बना था उस वक्त 2011 में मैं यहां थानेदार के पद पर आसीन हुआ था क्षेत्र के जागरूक लोगों ने मुझे इतना सहयोग दिया कि मैं कुछ सामाजिक बुराइयों को खत्म करने में पूर्णता कामयाब रहा उसका मुख्य कारण यह था कि यहां के निवासी ज्यादातर कानून के सहयोग करने वाले हैं जिला बनने के बाद इसी शहर में मुझे एसडीओपी के पद पर कार्यभार करने का अवसर मिला 2011 में मेरे कार्यों का अवलोकन करने वाले जिले वासियों ने मुझे बेहद ही सहयोग करते हुए कई मामलों को सुलझाने में मुझे सहयोग दिया बालोद जिले की जनता की सहयोग को मैं अपने जीवन में कभी नहीं भूल पाऊंगा क्योंकि थानेदार से लेकर एसडीओपी और रिटायरमेंट

का सफर मेरा इसी जिले से रहा है उक्त बातें एसडीओपी पीसी श्रीवास्तव ने अपने विदाई समारोह के अवसर पर उस वक्त कहीं जब जिला पुलिस अधीक्षक एमएल कोटवानी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डीआर पोर्ते सहित पुलिस विभाग के आला अफसरों ने विदाई के दौरान इनके कार्य की सराहना की।

यहां यहां रहे पदस्थ मिला कई तरह का अनुभव

एसडीओपी पीसी श्रीवास्तव ने बताया कि विभिन्न जिलों में काम करने का अवसर मिला। कभी जशपुर के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में भी रहे तो कभी मैदानी क्षेत्र में कानून व्यवस्था संभाले। उन्होंने कहा कि बालोद थाने में 2010 से 11 में टीआई था उसके बाद दुर्ग चला गया, जहां मोहन नगर थाना में रहा7 इसके बाद सुपेला तबादला हुआ, सुपेला के बाद फिर मोहन नगर थाना गया, वहां दोबारा पोस्टिंग हुई7 मोहन नगर से फिर पुरानी भिलाई में पोस्टिंग हुई, वहां मैं ट्रैफिक टीआई रहा 2013 में मेरा प्रमोशन हो गया और फिर मैं जसपुर में एसडीओपी व डीएसपी पदों पर रहा 2013 से तक वही रहा। 2015 में फिर आईजी ऑफिस दुर्ग आया। 15 से 2018 तक ही सेवा देता रहा 7 13 अगस्त 2018 को मैंने बालोद में एसडीओपी के रूप में ज्वाइन किया। 29 फरवरी को मेरी सेवा समाप्त हुई, जो खास दिन था और यह रिटायरमेंट मेरे लिए हमेशा खास रहेगा।

नशा अपराध की जड़ है, इसे छोड़ दें तो कम होंगे अपराध

एसडीओपी ने समाज को भी संदेश देते हुए प्रेरित किया कि नशा करना छोड़ दें, यही अपराध की जड़ है अधिकतर अपराध हो या चाहे हादसे इसके पीछे एक ही कारण होता है। नशा नशे के कारण लोग तेज रफ्तार में गाड़ियां चलाते हैं और हादसे का शिकार होते हैं। कई मौत के मुंह में चले जाते हैं तो कई वर्षों के लिए दिव्यांग हो जाते हैं। तो इसी तरह नशे के कारण लोग कई तरह के गंभीर जघन्य अपराध कर बैठते हैं। हत्या सहित अन्य गंभीर अपराधों के पीछे मानसिक तनाव और नशा ही एक मूल कारण है इसलिए उन्होंने समाज के लोगों से अपील की है कि वे किसी भी तरह का नशा अगर कर रहे हैं तो उसे आज ही छोड़ दें, ताकि अपने जीवन में सकारात्मकता का विकास हो और भी सही रास्ते पर चल सके अपराध इसी से कम होंगे और सुख शांति का माहौल बनेगा।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं TEK SINGH S/O DEVI SINGH THAKUR निवासी RAJAPARA DAUNDI LOHARA WARD 10, DAUNDI LOHARA BALOD (C.G.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम TEK SINGH THAKUR S/O DEVI SINGH THAKUR रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम TEK SINGH THAKUR S/O DEVI SINGH THAKUR से ही जाना पहचाना जावे।

TEK SINGH THAKUR
RAJAPARA DAUNDI LOHARA
WARD 10, DAUNDI LOHARA
BALOD (C.G.)

राज्य सरकार के बजट को लेकर सामने आई अपनी-अपनी राय

किसी ने कहा स्वागत योग्य, तो किसी ने जताई निराशा, वनमंत्री मो. अकबर और सांसद संतोश पाण्डेय ने दी बजट को लेकर प्रतिक्रिया

नव प्रदेश संवाददाता

कवर्धा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंगलवार को वर्ष 2020-21 को लेकर बजट पेश किया है। जिसमें किसान, स्वास्थ्य, शिक्षक, गृहणी, महिला बाल विकास, स्वास्थ्य योजना, सिचांई, शिक्षा की ओर विशेश फोकस किया गया है। बजट को लेकर सभी ने अपनी अलग-अलग प्रतिक्रियांए दी है। किसी ने कहा स्वागत योग्य बजट, तो किसी ने कहा संतोश जनक नही रहा यह बजट। बजट को लेकर आम नागरिक, शिक्षक, पक्ष व विपक्ष सभी ने अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है।

जनप्रतिधियों ने कुछ ऐसे बताई अपने मन की बात

वन एंव परिवहन मंत्री मो.अकबर ने राज्य सरकार के द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट को लेकर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होने कहा कि यह बजट ऐतिहासिक है। साथ ही इसे सभी वर्ग के लोगों में खुशहाली और उनकी उन्नति के लिए महत्वपूर्ण बताया है। बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए वन मंत्री श्री अकबर ने कहा कि प्रदेश के अन्य दाता किसानों की आर्थिक उन्नति के लिए अपना वादा निभाने राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत बजट में पांच हजार 100 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। इससे अन्नदाताओं को उनके मेहनत का उचित मूल्य मिलेगा, वही उनके जीवन और खुशहाली आएगी।

पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजा खड्गराज सिंह चुनावी प्रचार के दौरान जहां कवर्धा जिले को मेडिकल कालेज की सौगात देने की बात कही गई थी वहीं जिले के चारों ब्लाक में फूड प्रोसेसिंग मशीन भी लगाया जाना था जिसे वर्तमान बजट में पेश नहीं किया गया है इस तरह कबीरधाम जिले वासियों को मेडिकल की सौगात नहीं मिल पाई है यह बजट संतोष जनक नजर नहीं आ रहा है सीधे तौर पर कहा जाए तो इस बजट में बेरोजगारी को दुर करने और विकास की ओर कोई सार्थक बजट नही रहा है। साथ ही शराब बंदी जैसे महत्वपूर्ण विशय पर भी अब तक कोई पहल कांग्रेस सरकार नही कर पा रही है।

पूर्व प्रदेश सचिव कन्हैया अग्रवाल जिला कबीरधाम पूर्व प्रदेश सचिव कन्हैया अग्रवाल ने राज्य सरकार के बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट सभी वर्गों के लिए लाभदायक है सरकार ने आज किसानों को इस बजट में बडी सौगात दी है। इस बजट में शिक्षा व ग्रामीणों का भी विशेष ध्यान रखा गया है। यह बजट सभी वर्गो के लिए पूरी तरह से लाभकारी है। उन्होंने इस बजट की प्रस्तुति के लेकर राज्य सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

कलीम खान कांग्रेस महामंत्री कवर्धा ने राज्य सरकार के बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट किसान, शिक्षक, मजदूर, गृहणी, स्वास्थ्य सहित कर्मचारियों के लिए काफी लाभकारी बजट है। यह बजट सभी वर्गो सहित शाषकों के लिए विशेष लाभकारी हैं। इसके साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं का भी पूरा ध्यान रखा गया है राज्य सरकार ने जहां 5 लाख तक उपचार की सुविधा इस बजट के माध्यम से प्रदान की है वहीं विशेष परिस्थिति में 20 लाख तक का उपचार की सुविधा भी दिया गया है उन्होंने बजट का स्वागत करते हुए राज्य सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

युवा कांग्रेस के अध्यक्ष मोहित माहेश्वरी ने बजट की प्रस्तुति को लेकर कहा कि राज्य सरकार ने बहुत ही महत्वपूर्ण व कल्याणकारी बजट पेश किया है जिसमें उन्होंने सभी वर्गो का विशेष रूप से ध्यान रखा है। यह बजट जनकल्याणकारी है आम नागरिकों को भी इस बजट से काफी लाभ मिलने वाला है चाहे स्वास्थ्य का क्षेत्र हो, या रोजगार का या फिर कृशि क्षेत्र से जुडे किसान भाइयो के लिए इस बजट में गृहणीयों का भी विशेष ध्यान रखा गया है।

नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, औद्योगिक क्षेत्र, छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति तथा ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण संवर्धन के लिए भी इस बजट में बेहतर स्थान दिया गया है जो सभी वर्गो के लिए लाभकारी है इसके साथ ही यह बजट सभी के लिए कल्याणकारी साबित होगा।

अनिल सिंह ठाकुर भाजपा जिलाध्यक्ष ने राज्य सरकार के बजट को निराशा जनक बताते हुए कहा कि कांग्रेस जन घोषणा पत्र को भूल कर आधी अधूरी बातें कर रही है। लगभग 70 वादे कर सरकार में आए भूपेश सरकार ने युवाओं, महिलाओं व सभी वर्गो को छलने का काम किया है। भूपेश सरकार का बजट छत्तीसगढ़ को आगे ले जाने वाला नहीं दिखता और ना ही कोई विजन दिखाई पड़ा ।

राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र सांसद संतोश पाण्डेय छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने मंगलवार को विधानसभा में अपने कार्यकाल का दूसरा बजट प्रस्तुत किया है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए सांसद ने कहा कि भूपेश सरकार ने सत्ता में आने से पहले जो वादे किये थे और जिन इरादों को लेकर जनता के बीच अपनी बात रखी थी वह बजट में कहीं नजर नहीं आया। यह बजट बहुत ही निराश करने वाला है जिसमें महिलाओं और युवाओं को रोजगार देने के लिए कोई भी पहल नहीं दिखी। वहीं शराबबंदी के लिए भी सफल नही हो सके। चुनाव से पहले प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने पूर्ण शराबबंदी की बात कही थी लेकिन बजट के दौरान उन्होंने इस पर कोई भी चर्चा नहीं की।

टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा दो वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके शिक्षा कर्मियों को एक जुलाई 2020 से संविलियन किये जाने के निर्णय का छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने स्वागत किया है। टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि प्रदेश सरकार के इस निर्णय से जिले के 472 शिक्षा कर्मियों को आगामी एक जुलाई से संविलियन का लाभ मिलेगा, जिसमें पंचायत व नगरीय निकाय संवर्ग के 241 व्याख्याता, 27 शिक्षक एवं 204 सहायक शिक्षक शामिल है।

प्रदेश संयोजक विवेक दुबे ने बजट के लिए सरकार का आभार जताते हुए कहा किहमें सरकार के वादे पर पूरा भरोसा था और उन्होंने अपना वादा पूरा कर दिया है प्रदेश के 16610 शिक्षाकर्मी और उनका परिवार मुख्यमंत्री और सरकार के आभारी हैं और हमारे लिए यह साल का सबसे बड़ा त्यौहार है जिसका हम विगत 2 सालों से प्रतीक्षा कर रहे थे अब हमें वह तमाम सुविधाएं और सम्मान प्राप्त होगा जो नियमित शिक्षकों को मिलता है और इस सरकार का यह फैसला निश्चित तौर पर शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम साबित होगा।

कंडेल में महाविद्यालय खोले जाने पर विधायक ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया

नव प्रदेश संवाददाता

धमतरी। किसी भी क्षेत्र की उन्नति का आधार विशेषकर छत्तीसगढ़ के संदर्भ में और वहाँ यदि केंद्र बिंदु माने तो धमतरी के लिए उन्नति व विकास का कोई आधार बिंदु है तो वह है कृषि और इस संदर्भ में मैंने विधायक के रूप में निर्वाचित हुई हूँ तब से सरकार का ध्यान आकर्षित धमतरी के विकास के लिए करती आ रही हूँ इस दिशा में प्रस्तुत बजट में उद्यानिकी महाविद्यालय को शामिल किए जाना मेरे लिए गर्व का विषय है तथा मेरे क्षेत्र के लिए गौरान्वित कर कृषि के साथ उद्यानिक फसलों को बढ़ावा देने वाला कार्य होगा । मैं सरकार का धन्यवाद ज्ञापित करती हूँ। साथ ही आजादी के आंदोलन में सत्याग्रह के रूप में महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले कंडेल नहर सत्याग्रह से प्रभावित होकर राष्ट्रपिता महात्मागांधी का छत्तीसगढ़ में प्रथम आगमन अक्टूबर 1919 एवं 1931 को उस ग्राम सहित आस पास क्षेत्र को शिक्षा के दृष्टिकोण से सम्पन्न बनाने के लिए गौरव ग्राम कंडेल में महाविद्यालय का खोला जाना ऐतिहासिक गौरवशाली पृष्ठ भूमि के लिए कृतघ्नता ज्ञापित करती हूँ व सरकार से मैं मांग करती हूँ कि महाविद्यालय का नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नहर सत्याग्रह के प्रणेता बाबू छोटे लाल वास्तव जी के नाम पर रखी जावे ।

केन्द्रीय भंडारण निगम का स्थापना दिवस संपन्न

नव प्रदेश संवाददाता

भाटापारा। केन्द्रीय भंडारगृह सुरखी रोड भाटापारा व्दारा केन्द्रीय भंडारण निगम का 64 वां स्थापना दिवस दिनांक 02 मार्च 2020 को पूरे उमंग व उत्साह के साथ मनाया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथी संजय तिवारी जिला प्रबंधक छग राज्य नागरिक आपूर्ति निगम बलौदाबाजार व्दारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर उपस्थित अतिथीयों के स्वागत पश्चात संजय तिवारी व्दारा अपने उदबोधन में केन्द्रीय भण्डार निगम के अधिकारियों कर्मचारियों को बधाई देते हुए निगम दि दूनी रात चौगनी उन्नति होने की शुभकामनायें दी गयी । 02 मार्च 1957 से अब तक केन्द्रीय भंडारण निगम में हुये विकास की जानकारी राकेश डडसेना भंडारगृह प्रबंधक व्दारा दी गयी जिसमें उन्होने बताया की केन्द्रीय भंडारण निगम मात्र सात भंडारगृह से शुरू करते हुए वर्तमान में पूरे देश भर में 432 भंडारगृहो के साथ 9.96 मिलियन टन क्षमता के साथ खाद्यान्नव अन्य वेयर हाउसिंग गतिविधियों में खादयान्न वेयरहाउस के अलावा बांडेड वेयरहाउस ,कन्टनेर फ्रेट स्टेशन ,अन्तदेषीय क्लीयरेंस डिपो तथा एयर कार्गो काम्पलेक्स के क्षेत्र में सेवा देने के साथ साथ हेंडलिंग व ट्रांसपोटिंग कीटनाशन सेवायें प्रद्यूमन सेवायें एवं अन्य अनुषंगी सेवायें प्रदान करता है इस अवसर पर जिले के राईस मिलर्स नरेन्द्र भूषाणियां , अजयशर्मा, राधेश्याम शर्मा ,तथा केन्द्रीय भंडार निगम के भूतपूर्व कर्मचारी तथा भारतीय खादय निगम छग राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के कर्मचारी उपस्थित थे । केंद्रीय भंडार निगम के कर्मचारियों के भी परिवार सहित उपस्थित दर्ज करायी गयी । भोजन उपरांत अंत में के.भ.नि के अधिकारी कर्मचारियों व्दारा पधारे गये सभी आगुंतको का आभार व्यक्त करते हुए अतिथीयां को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

नगर के डांसर रियाल्टी शो में शामिल

भाटापारा। नगर के डांस ग्रुप ,(अफ्लक्स क्रू) का टीव्ही रियालिटी शो के लिये हुआ सलेक्शन। गर्व की बात है कि नहर के होनहार डांसर के टीम ने एक टीव्ही रियालिटी शो में जगह बना ली है क्रू के गुलशन वर्मा ने बताया कि यह टीव्ही राउंड 5 अप्रैल को दिल्ली में शूट होना है साथ ही इस रियालिटी शो (मास्टर ऑफ स्टेज) के ऑडिशन पूरे इंडिया में हो रहे है। इन्होंने रविवार को हुए रायपुर ऑडिशन में भाग लिया और अपना टीव्ही राउंड में अपना स्थान बनाया। टीम के सदस्यों-गुलशन,अंकित, देवा,हर्ष,मिथलेश,वीर,अर्जुन को नगरवासियो ने बधाई दी है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

मोदी का भाजपा सांसदों से...

करने के लिए अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। दिल्ली के दंगों से आहत दिख रहे श्री मोदी अपने भाषण में भावुक हो गए। उन्होंने पूछा कि आजादी के लिए जान देने वालों ने देश के लिए क्या यही सोचा था, आज हम कहां पहुंच गए हैं, देशभक्ति से ज्यादा दल को अहमियत क्यों दे रहे हैं।बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी और थावरचंद गहलोत मौजूद थे।

कार्रवाई संबंधी दावों की...

कार्यकर्ता के यहां से ही प्राप्त हुई है। जबकि सत्तापक्ष के कार्यकर्ता के घर से सिर्फ 1800 रुपए मिले हैं। सूत्रों की मानें तो रायपुर शहर में बड़ी जिम्मेदारी संभाल रहे सत्तापक्ष के नेता के यहां से मात्र तीन हजार कैश मिला। जबकि उनकी मां के पास नाती पोतों को जमा कर रखे गए महज चार लाख रुपये मिले। वहीं सूत्रों ने बताया कि एक अफसर के यहां तीन लाख और एक अन्य अफसर के यहां से 13 लाख रुपए मिले। कहा जा रहा है कि यदि यह सामान्य प्रक्रिया होती तो छापे के चार दिन बाद प्रेस को स्पष्ट खुलासा किया जाता। लेकिनि ऐसा नहीं किए जाने से अब यह भी चर्चा है कि यह कार्रवाई फ्लाफ रही। प्रदेश में खासी चर्चा है कि आयकर की संयुक्त जांच टीम ने पहले दिन जिन रसूखदारों को जांच के घेरे में लिया था उनके यहां से चंद लाख रुपए ही मिले हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित रायपुर (छ.ग.)

विद्युत अवरोध की आवश्यक सूचना

समस्त सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि नगर संभाग मध्य छ. स्टे.पा.डि. कं. लिमि. रायपुर के अंतर्गत 33/11 केवी उपकेंद्रों/ लाईनों का संधारण/ रखरखाव किया जाना प्रस्तावित है अतः निम्न दर्शायी गयी तिथि के सम्मुख दर्शाए गए क्षेत्र में दर्शाए समयानुसार विद्युत प्रवाह अवरूद्ध रहेगी। जिसके समय में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है।

दिनांक- 05.03.2020 दिन गुरूवार प्रातः 10:00 से 16:00 तक- 11 के.व्ही. अमर पैलेस फीडर- प्रभावित क्षेत्र- मण्डी गेट, प्रगति मैदान, कापा लोधीपारा, शोभराजा प्लाजा, अवंति बाई चौक, आरसन होण्डा, अमर पैलेस, मोहन भवन, महंत फर्नीचर के आसपास का क्षेत्र एवं इस फीडर से जुड़े समस्त उपभोक्तागण इत्यादि।

दिनांक - 06.03.2020 दिन शुक्रवार समय 10:00 से 16:00 तक- 11 के.व्ही. सदर बाजार फीडर- प्रभावित क्षेत्र- गणेश मंदिर, श्याम टाकिज, डॉ. संदीप दबे ट्रांसफार्मर, गोकुल चंद्रमा मंदिर गली, सद्दानी चौक, हरिभाई जैम्स, मरूधर अपार्टमेंट, सदर बाजार, अनोपचंद-त्रिलोकचंद के आसपास का क्षेत्र एवं इस फीडर से जुड़े समस्त उपभोक्तागण इत्यादि।

नोट :- विद्युत शिकायत के लिए सम्मानीय उपभोक्तागण विद्युत शिकायत केंद्र- केन्द्रीय कॉल सेंटर फोन नं. 1912 पर संपर्क कर सकते हैं। बिजली बिल से संबंधित शिकायत का स्थानीय स्तर पर समुचित निराकरण नहीं होने पर उपभोक्ता ''विद्युत शिकायत निवारण फोरम गुढ़ियारी'' में आवेदन कर सकता है।

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा की बचत करें।

कार्यपालन यंत्री
सं.-24825/2 नगर संभाग मध्य छ.रा.वि.वि.कं.मर्या., रायपुर

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं ASHOK KUMAR S/O SURJAN SINGH DHRUW निवासी H.NO.-145, WARD NO.6, DUGLI DHAMTARI (C.G.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम ASHOK KUMAR DHRUW S/O SURJAN SINGH DHRUW रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम ASHOK KUMAR DHRUW S/O SURJAN SINGH DHRUW से ही जाना पहचाना जावे।

ASHOK KUMAR DHRUW
H.NO.-145, WARD NO.6, DUGLI DHAMTARI (C.G.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं Ku. Anisha Roy S/o Amio Roy Ward No. 14 Baagad para Pithora, Dist. Mahasamund (C.G.) यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना पुराना नाम Ku. Anisha S/o Amio Roy को त्यागकर नया नाम Ku. Anisha Roy S/o Amio Roy रख ली हूं।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेज में मेरे नए नाम कु. अनिशा राय (Ku. Anisha Roy) पिता अमियो राय (Let Amio Roy) से जानी पहचानी जावे।

KUMARI ANISHA ROY
Ward No. 14 Baagad para Pithora, Dist.-Mahasamund (C.G.)

न्यायालय तहसीलदार मैनपुर जिला गरियाबंद (छ.ग.)

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है की आवे दिखा श्रीमती भान देवी पति ललित राम जाति कलार निवासी ग्राम छैलडोंगरी प.ह.न. 28 र.नि. में अमलीपदर तहसील मैनपुर जिला गरियाबंद छत्तीसगढ़ में स्थित कृषि ख.न. 435 रकबा 0.18 है भूमि पर हेरिटेरी पेट्रोल पंप स्थापित करने हेतु पेट्रोलियम नियम 2002 के तहत 144 के तहत अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र पेश किया है अनापत्ति प्रमाण पत्र दिए जाने में अगर किसी को भी व्यक्ति या संस्था को दावा या आपत्ति हो तो वह दिनांक 12.03.2020 तक न्यायालय में स्वयं या अपने अधिकार व्यक्ति के माध्यम से लिखित प्रस्तुत कर सकते हैं नियम अवधि उपरांत प्रस्तुत की जाने वाली आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 27.02.2020 को मेरा स्वयं का हस्ताक्षर एवं न्यायालय में सील मोहर के साथ जारी किया।

सील
तहसीलदार
मैनपुर
जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 2845-अ-29(1) वर्ष 79-80

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका इंद्रा देवांगन पति स्व. अर्जुन देवांगन एवं अन्य 05 साकिन कवर्धा ने नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्र. 15बी भू-खण्ड क्र. 162 क्षेत्रफल 215.00 वर्गमीटर जो नजूल अभिलेख (जांच रजिस्टर 1974-75) में स्व. रामा आ. समारू देवांगन के नाम पर दर्ज है को स्व. रामा की मृत्यु दिनांक 06.06.2010 को एवं उनके पुत्र अर्थात आवेदिका के पति अर्जुन देवांगन की भी मृत्यु दिनांक 16.04.2016 को हो जाने के कारण वैद्य वारिसानों इंद्रा देवांगन पति स्व. अर्जुन देवांगन एवं अन्य 05 के नााम से निर्धारण किए जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 08/04/2020 को नियत की गई है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति एवं संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा पेश करना है, तो स्वयं या वैद्य अभिकर्ता के माध्यम से नियत तिथि के पूर्व कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/02/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 24/02/2020
पेशी दिनांक 08/04/2020

सील
नजूल जांच अधिकारी
कबीरधाम

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, दल्लीराजहरा, जिला-बालोद (छ.ग.)

उद्घोषणा

क्र./प्र./अति.तह./2020 दल्लीराजहरा

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डौण्डी लोहारा जिला बालोद (छ.ग.) का पत्र क्रमांक/ 109/ प्र.अनु. अधि./ 2020 दल्लीराजहरा, दिनांक 18.02.2020 एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग की शाखा दल्लीराजहरा का पत्र दिनांक 13.02.2020 के अनुसार ग्राम चिखलाकसा प.ह.नं. 10 तहसील डौण्डी, जिला-बालोद स्थित शासकीय भूमि ख.नं. 805/1 रकबा 0.04 हे. भूमि को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग की शाखा दल्लीराजहरा को आबंटित किए जाने हेतु पत्र जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/ आपत्ति हो तो वह अपना लिखित आपत्ति दिनांक 27/03/2020 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने मान्य अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 26/02/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ उद्घोषणा जारी किया गया।

सील
अतिरिक्त तहसीलदार
दल्लीराजहरा

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन
प्रक्षेत्र-4, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-2436320
email ID: eocghbzone4@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा शंकर नगर सरहद फेस-II रायपुर में निर्मित सामान्य आवास योजनांतर्गत 48 ईडब्ल्यूएस फ्लैट में से फ्लैट क्रमांक ईडब्ल्यूएस फ्लैट-403, ब्लाक-01, चतुर्थ तल 1. श्री राजवेन्द्र प्रताप सिंह पिता श्री रामपाल सिंह एवं 2. श्रीमती अंजना सिंह पति श्री राजवेन्द्र प्रताप सिंह के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा समस्त राशि जमा कर फ्लैट की लीजडीड दिनांक 09.02.2017 को पंजीकृत कराने उपरांत फ्लैट का आधिपत्य प्राप्त कर लिया गया है। वर्तमान में आबंटी 1. श्री राजवेन्द्र प्रताप सिंह पिता श्री रामपाल सिंह एवं 2. श्रीमती अंजना सिंह पति श्री राजवेन्द्र प्रताप सिंह पता- ईडब्ल्यूएस फ्लैट-403, ब्लाक-01, चतुर्थ तल, शंकर नगर सरहद फेस-II, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता श्रीमती पूजा पाण्डेय पति श्री राजकुमार पाण्डेय निवासी- ग्राम व पोस्ट चवरिया, बुजुर्ग, धर्मशाला, कौड़ीराम गोरखपुर (उ.प्र.) को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त फ्लैट के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, निकाय बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन दिनांक के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-04, रायपुर

यूको बैंक UCO BANK
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking)
तेलीबांधा, रायपुर / Telibandha, Raipur (1835), C.G.
Tel. No. 0771-2423186, E-mail: teliba@ucobank.co.in

नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना

एक / अनेक व्यक्तियों को दिए अग्रिम के लिए प्रतिभूति के रूप में बैंक के पास गिरवी रखे हुए निम्नलिखित आभूषणों को सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से विक्रय किया जाना प्रस्तावित है।

क्र.	विवरण	नग	सकल वजन
1.	चैन	1 नग	33.040 ग्राम

आभूषण बैंक शाखा परिसर में दिनांक 24.03.2020 को अपराह्न 3.00 बजे निरीक्षण किए जाने हेतु उपलब्ध रहेगा।

नीलामी के माध्यम से आभूषणों का विक्रय बैंक के शाखा परिसर में दिनांक 26.03.2020 को अपराह्न 3.00 बजे किया जाएगा तथा उच्चतम बोलीकर्ता के पक्ष में उक्त आभूषणों का विक्रय किया जाएगा । बैंक द्वारा स्वीकृति दिए जाते ही बोलीकर्ता को बोली की संपूर्ण राशि को जमा करना होगा।

बैंक के पास नीलामी को निरस्त करने और / अथवा स्थगित करने अथवा बोली को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

दिनांक: 04.03.2020 शाखा प्रबंधक

RAIPUR SMART CITY LIMITED
CIN-U74999CT2016SGC007534
Chhatrapati Shivajee Maharaj outdoor stadium, Near Vivekanand Sarovar, Raipur (C.G.) 492001
PHONE NO-0771-4055576 FAX- 0771-4055576 Website: samartciry raipur.cgstate.gov.in
क्रमांकः 238/स्मार्ट सिटी/2020 रायपुर, दिनांक 28/02/2020

निविदा आमंत्रण सूचना

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/ फर्मों से निविदाएं मुहरबंद लिफाफे में स्पीड पोस्ट/ पंजीकृत डाक के माध्यम से निविदा दिनांक 19.03.2020 को संध्या 5.00 बजे आमंत्रित की जाती है, प्राप्त सभी निविदाएं उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के सम्मुख दिनांक 23.03.2020 प्रातः 11.30 बजे खोली जायेगी, दिनांक 17.03.2020 तक रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत(लाख में)	अमानत राशि (रु.)	निविदा प्रपत्र की राशि (रु.)	निविदा
1	Supplying , Installation, testing & Commissioning of Plam tree in Various spots in Raipur	7.90 लाख	7,900/-	750/-	(ब)

नियम एवं शर्तें :-
1. निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समयावधि में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के विद्युत विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

प्रबंधक (विद्युत)
रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड

CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD.
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) (Successor Company of CSEB)
OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER (CIRCLE)
MAHASAMUND Email ID- SEOnM.mahasamund@cseb.gov.in Ph No. 07723-223833, Fax No. 07723-223870
No./SE/MSD/2019-20/E-bid No.0022/3908 Mahasamund Dt. 3 mar. 2020

NOTICE FOR E-PROCUREMENT

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible class electrical contractors registered in the O/o CE (ST:RE) CSPDCL, Gudhiyari, Raipur for the following work :

Tender No/ time & date of submission of bid	Date of opening of bid	Name of work	Tender value in Rupees (Excl GST)	Eligible Contractor	Completion period
TR.No. 0123-up to 16.00 on 24.03.20 RFx-8100016957	24.03.20 at 16.10	Estt. For Revised for Electrification at village Dumarghat under Mainpur DC (O&M) Dn. Gariyaband of EE (Project) Dn. Mahasamund	2415959.00	Class III B & above	45 Days
TR.No. 0124-up to 16.00 on 24.03.20 RFx-8100017006	24.03.20 at 16.10	Estt. For Conductor Aug. of 11 Kv. Feeder Pragaon to Dogarigaon from weasel to rabbit conductor Under Sub Dn. Gariyaband of (O&M) Dn. Gariyaband of EE (Project) Dn. Mahasamund	2060096.00	Class III B & Above	45 Days

There will be training for bidders on every Wednesday from 3.00 pm to 5.00 pm at EITC, CSPDCL, Daganiya campus, In front of Seva Bhawan.
2. Corrigendum/ Cancellation/Time extension, if any will be displayed on above website and notice Board of this office only.
"Save energy for benefit of self and Nation"

SUPERINTENDING ENGINEER
(CIRCLE) CSPDCL, MAHASAMUND

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया Central Bank of India
शाखा- धमतरी (छ.ग.) BRANCH- DHAMTARI (C.G.)

नियम 8(1) कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए)

यतः (Whereas)

अधोहस्ताक्षरी ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत धारा 13(12) सपठित प्रतिभूति-हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त पुनर्गठन शक्तियों को प्रयोग करते हुए सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी ने डिमांड नोटिस को जारी किया, जिसमें निम्नलिखित उधार लेने वाले को नोटिस में उल्लेखित राशि का भुगतान इस नोटिस की पावती की तारीख से 60 दिनों के भीतर जारी करने के लिये कहा गया था। उधार लेने वाले द्वारा राशि के भुगतान करने में असफल हो जाने पर उधार लेनदार एवं आम जनता को एतद् द्वारा नोटिस दिया जाता है कि उपरोक्त कथित अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम के नियम 8 के अधीन, निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित संपत्ति को कब्जे में लिया है।

उधार लेने वाले को विशिष्ट रूप से और जनसाधारण को एतद् द्वारा सावधान किया जाता है कि वह इस संपत्ति के संबंध में कोई संव्यवहार न करें और संपत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार का संव्यवहार उनके सम्मुख दर्शित रकम और उस पर ब्याज के लिये सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रभार अधीन होगा।सुरक्षित संपत्ति के एवज में उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम (13) के नियम (8) के प्रावधान के लिए उधारकर्ता का ध्यान आकृष्ट किया गया है।

क्र.	उधारकर्ता/जमानतदार का नाम एवं पता	सम्पत्ति का विवरण	डिमांड नोटिस की राशि/दिनांक	कब्जा लेने की तिथि
1.	ऋणी: मेसर्स [illegible] (इंडिया) प्रा.लि., [illegible], जयस्तंभ चौक, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) एवं जमानतदार: (1) श्री [illegible] (2) श्रीमती [illegible], दोनों का आवासीय पता: मकान 22 B, [illegible], रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) शाखा: धमतरी (छ.ग.)	मेसर्स [illegible] (इंडिया) प्रा.लि., (डायरेक्टर श्री [illegible] एवं श्रीमती [illegible]) के नाम पर खसरा नं. 323/5(ख), 332/4(ख) परिवर्तन के बाद खसरा नं. 323/5 एवं 332/5, [illegible] में पी.सी.नं.-6, रा.नि.मं. कोरबा, तह. एवं जिला-कोरबा (छ.ग.) क्षेत्रफल-0.470 हेक्टर. पर स्थित भूमि एवं भवन का समस्त भाग तथा अंश चौहद्दी: उत्तर-विक्रेता की भूमि, दक्षिण-विक्रेता की भूमि, पूर्व-राजेन्द्र का प्लॉट, पश्चिम-सड़क.	₹ 1,55,68,929/- + ब्याज एवं अन्य खर्च, दिनांक 05/12/2019	02.03.2020

दिनांक 03.03.2020, स्थानः धमतरी
प्राधिकृत अधिकारी
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया

कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
कलेक्टोरेट परिसर दुर्ग, फोन नं. 0788-2322071, फैक्स नं. 0788-2211999
निविदा विज्ञप्ति क्रमांक : वपुअ/दुर्ग/रनि/09/2020 दिनांक : 01.03.2020

निविदा आमंत्रण सूचना
वर्ष 2019-20

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जिला-दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा निर्माण कार्य हेतु मोहरबंद निविदा प्रपत्र-अ में ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति, जिसमें एक अमानत राशि व दूसरा निविदा प्रपत्र का लिफाफा होगा, निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत	अमानत राशि	कार्य की अवधि वर्षा काल सहित
13	उपुअ यातायात कार्यालय के संचालन हेतु गुरूद्वारा चौक, नेहरू नगर भिलाई में प्रथम तल सीढ़ी, मीटिंग हाल, स्टोर रूम, गार्ड रूम एवं पोर्च निर्माण कार्य।	20.00 लाख	40,000 रु.	02 माह

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु निविदा प्रपत्र मूल्य का चालान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, दुर्ग के नाम से लेखा शीर्ष 0055 पुलिस शीर्ष 800 अन्य प्राप्तियां मद अंतर्गत जमा कर चालान की मूल प्रति सहित रक्षित निरीक्षक कार्यालय दुर्ग को प्रस्तुत कर दिनांक 30.03.2020 समय 17.00 बजे तक कार्यालयीन दिवस में टेण्डर फार्म प्राप्त किया जा सकता है।

निविदाकर्ता को निविदा प्रपत्र के शर्तों के अधीन निम्न समय सारिणी के अनुसार निविदाएं प्रस्तुत करना होगा।

क्रमांक	विवरण	समय व स्थान
01	निविदा फार्म का मूल्य	1000 रुपए
02	निविदाकारों की श्रेणी	ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी (द) या उससे उच्च श्रेणी
03	निविदा फार्म विक्रय व जमा करने का स्थान	रक्षित निरीक्षक कार्यालय, दुर्ग
04	निविदा फार्म विक्रय की अंतिम तिथि एवं समय	30.03.2020 समय 17.00 बजे तक।
05	निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	31.03.2020 समय 15.00 बजे तक।
06	टेक्निकल बिड खोलने का तिथि एवं समय	31.03.2020 समय 16.00 बजे तक।
07	फायनेंशियल बिड खोलने का समय	पृथक से अवगत कराया जायेगा।

नोट :- 01. निर्माण कार्य हेतु निविदा की नियम व शर्तें टेण्डर फार्म के साथ कार्यालयीन समय में रक्षित निरीक्षक कार्यालय, दुर्ग से प्राप्त किए जा सकते हैं। 02. स्थल का चयन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग के निर्देशानुसार परिवर्तन किया जा सकता है। 03. आकस्मिक स्थिति में निविदा खुलने की तिथि अल्प सूचना पर बदली जा सकती है। 04. उपरोक्त किसी भी तिथि में शासकीय अवकाश घोषित होने की स्थिति में आगामी कार्य दिवस में पूर्व निर्धारित समय तक मान्य किया जावेगा।

जी-77528/2
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
जिला दुर्ग (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

साहिर की बायोपिक में इरफान के साथ काम करना चाहती हैं करीना

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर, महान शायर और गीतकार साहिर लुधियानवी की बायोपिक में इरफान खान के साथ काम करना चाहती है।

करीना और इरफान इन दिनों फिल्म 'अंग्रेजी मीडियम' में पहली बार एक साथ काम कर रहे हैं। करीना का कहना है कि वह हमेशा से इरफान खान के साथ काम करना चाहती थीं। करीना ने हाल ही में कहा था कि वह उनके साथ साहिर लुधियानवी की बायोपिक में काम करना चाहेंगी। चर्चा है कि इस फिल्म में करीना और इरफान एक दूसरे के साथ रोमांस करते नजर आएंगे। करीना कपूर ने कहा वह चाहती हैं कि फिल्म बनें।

हॉलीवुड फिल्म में काम करेंगे रणदीप हुड्डा

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा हॉलीवुड फिल्म में काम करते नजर आयेंगे।

रणदीप ने वर्ष 2001 में प्रदर्शित अंग्रेजी भाषा में बनी इंडियन फिल्म 'मानसून वेडिंग' से अपने करियर की शुरुआत की थी। वह हॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। रणदीप, क्रिस हेम्सवर्थ की फिल्म एक्सट्रैक्शन में नजर आएंगे। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज की जाएगी। फिल्म में रणदीप का पहला लुक आ गया है। फिल्म में उनका लुक काफी इम्पेक्टफुल है, मस्कुलर बॉडी, लंबे बंधे हुए बाल, चेहरे पर एग्रेशन और हाथ में बंदूक लिए रणदीप का लुक आकर्षित करता है। लुक से तो इस बात का साफ अंदाजा लग रहा है कि फिल्म में रणदीप किसी अहम किरदार में हैं। रणदीप हुड्डा ने कहा, मुझे फिल्म में काफी ज्यादा एक्शन करने को मिला है। मैं शायद पहला भारतीय एक्टर हूं जिसे किसी हॉलीवुड फिल्म में इतना एक्शन करने को मिला है। हैम्सवर्थ, रूसो ब्रदर्स और डायरेक्टर सेम हारग्रिव के साथ काम कर के

कलाकार के तौर पर हमेशा नया करने की कोशिश करती हैं अनुष्का शर्मा

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा का कहना है कि बतौर कलाकार वह हमेशा कुछ नया करने की कोशिश करती है।

अनुष्का पिछले कुछ समय से फिल्मों से दूर चल रही हैं। वर्ष 2018 में प्रदर्शित फिल्म जीरो के बाद से अनुष्का की कोई भी फिल्म रिलीज नहीं हुई है। अनुष्का ने अपने करियर के बारे में भी बातें की हैं।

उनका कहना है कि एक कलाकार के तौर पर वह हमेशा से कुछ नया करने की कोशिश करती हैं और उन्होंने कभी भी किसी दबाव के सामने घुटने नहीं टेके हैं। अनुष्का ने कहा, एक कलाकार और प्रोड्यूसर के तौर पर मैंने सिर्फनई चीजें करने की कोशिश की हैं। मैंने कभी भी किसी दबाव के सामने घुटने नहीं टेके हैं और मैंने हर मौके पर कुछ नया करने की ठानी है और कुछ नया सीखने की कोशिश की है। मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि मुझे बेहतरीन कारोबारी दिमाग वाले लोगों के साथ सहयोग करने का मौका मिला।

अनुष्का निर्मित हॉरर फिल्म 'परी' को रिलीज हुए दो साल हो चुके हैं। उन्होंने कहा, परी की स्क्रिप्ट से मैं काफी प्रभावित हुई थी और मैं जानती थी कि मुझे इस फिल्म को प्रोड्यूस करना है। 'परी' ने मुझे नई चुनौतियां दीं, जिसका मैंने पहले सामना नहीं किया था और मैं खुद को एक कलाकार के तौर पर इस शैली को उजागर करना चाहती थी।

फूल और कांटे से डेब्यू करने वाले थे अक्षय

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार का कहना है कि वह फूल और कांटे से डेब्यू करने वाले थे। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म सूर्यवंशी में अक्षय कुमार लीड रोल में हैं, वहीं अजय देवगन और रणवीर सिंह स्पेशल एपीयरेंस में दिखेंगे। फिल्म के ट्रेलर लांच के दौरान अक्षय ने अपने करियर का एक अहम राज़ बताया है। अक्षय ने अजय के साथ अपनी पुरानी दोस्ती की बात करते हुये कहा कि हम दोनों ने एक साथ करियर शुरू किया और आज यहां तक पहुंचे हैं।

उन्होंने कहा, हम दोनों ने अपना करियर साथ में ही शुरू किया था। ऐसा शुरू किया था कि एक ही फिल्म के लिए दोनों लड़े थे। पहली फिल्म जो हमारी थी, फूल और कांटे, जिसमें पहले मैं था फिर मुझे धक्का मारकर अजय ने ले लिया। अक्षय कुमार ने कहा कि उनका डेब्यू फूल और कांटे से होने वाला था, लेकिन वो फिल्म अजय के पास चली गयी और उन्होंने उस फिल्म से बतौर हीरो अपनी फिल्मी पारी शुरू की थी।

भंसाली की फिल्म में डांस नंबर करेंगी कैटरीना

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड की बार्बी गर्ल कैटरीना कैफ फिल्म कार संजय लीला भंसाली की फिल्म में डांस नंबर करती नजर आ सकती हैं। संजय लीला भंसाली इन दिनों आलिया भट्ट को लेकर पीरियड ड्रामा फिल्म 'गंगूबाई काठियावाडी' बना रहे हैं। हाल ही में कैटरीना कैफको संजय लीला भंसाली के जुहू स्थित ऑफिस के बाहर देखा गया। इसके बाद से चर्चा हो रही है कि कैटरीना और भंसाली साथ में फिल्म करने जा रहे हैं। चर्चा है कि कैटरीना फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी में में एक डांस नंबर करती नजर आएंगी। भंसाली ने फिल्म का ग्लैमर बढ़ाने के लिए कैटरीना पर गाना फिल्माने का निश्चय किया और इसके लिए कैटरीना उन्हें परफेक्ट लगीं।

टीम इंडिया के तेज गेंदबाज 30 पार, विराट की टीम में हो सकते हैं बड़े बदलाव

टीम इंडिया के तेज गेंदबाज 30 पार, विराट की टीम में हो सकते हैं बड़े बदलावभारतीय टीम को न्यूजीलैंड में टेस्ट सीरीज में 0-2 से हार झेलनी पड़ी, जिसके बाद विराट कोहली ने संकेत दिए हैं कि तेज गेंदबाजों की बढ़ती उम्र के कारण तेज गेंदबाजी इकाई में बदलाव किए जा सकते हैं। भारत को इस सीरीज के पहे टेस्ट में 10 विकेट से और दूसरे टेस्ट में 7 विकेट से हार झेलनी पड़ी।

तेज गेंदबाजी इकाई में हो सकते हैं बदलाव

टीम इंडिया के पेस बोलिंग अटैक में बदलाव हो सकते हैं। पेसर जसप्रीत बुमराह के कई और वर्षों तक टीम के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करने की उम्मीद है लेकिन इस साल 32 वर्ष के होने वाले इशांत और 29 साल के मोहम्मद शमी पहले ही अपने खेल के शीर्ष पर पहुंच चुके हैं।

इशांत और उमेश जैसे पेसरों की बढ़ती उम्र कारण

इशांत जहां 32 साल के हो जाएंगे तो वहीं उमेश यादव भी इस साल 33 साल के हो जाएंगे। ऐसे में देखना होगा कि पेस बोलिंग अटैक में कब और किस तरह के बदलाव देखने को मिलेंगे। हालांकि युवाओं को इस तरह मौका मिलने की पूरी उम्मीद है।

शमी पर बढ़ा बोझ

पिछले दो साल में पेसर मोहम्मद शमी पर पड़ा बोझ संकेत है कि शायद अगले दो साल में टीम को तेज गेंदबाजी विभाग में बदलाव के लिए तैयार रहना चाहिए। ?नई प्रतिभाओं पर ध्यान देने का

संकेत देते हुए कोहली ने कहा, 'बड़ी तस्वीर देखें तो हमें यह पहचान करने की जरूरत है कि अगले तीन-चार खिलाड़ी कौन होंगे जो स्तर को बरकरार रख सकें क्योंकि आप नहीं चाहते कि अगर अचानक कोई बाहर हो जाए तो उसकी कमी महसूस हो।'

कोहली बोले, ये अब युवा नहीं होने वाले

अगले कुछ वर्षों की योजना को छिपाए बिना कोहली ने कहा, 'ये खिलाड़ी अब युवा नहीं होने वाले, इसलिए हमें बेहद सतर्क और जागरूक रहना होगा। हमें स्वीकार करना होगा कि यह स्थिति है जिसका हमें सामना करना पड़ सकता है और हमारे पास ऐसे खिलाड़ी होने चाहिए जो उनकी जगह ले सकें।'?? इशांत का रिहैबिलिटेशन अच्छा नहीं रहा जिसके कारण उनके टखने की चोट दोबारा उभर गई

बुमराह से काफी उम्मीद

पेसर जसप्रीत बुमराह अभी 26 साल के हैं और ऐसे में उनसे भावी योजनाओं को देखते हुए काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने अभी तक 14 टेस्ट खेले हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफउन्होंने 2 टेस्ट मैचों में कुल 6 विकेट लिए। उन्होंने 64 वनडे में 104 विकेट लिए हैं।

... जब महेंद्र सिंह धोनी से गले मिले सुरेश रैना, गर्दन पर किया 'किस'

चेन्नई। टीम इंडिया के पूर्व कैप्टन महेंद्र सिंह धोनी और ऑलराउंडर सुरेश रैना की चेन्नै में मुलाकात हुई। जैसे ही धोनी को रैना ने देखा, उनके गले मिले।

... जब महेंद्र सिंह धोनी से गले मिले सुरेश रैना, गर्दन पर किया 'किस'दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल के अगले एडिशन में खेलने से पहले तैयारियों के लिए चेन्नै में हैं। मंगलवार को एक विडियो चेन्नै सुपर किंग्स ने ट्विटर पर शेयर किया जिसमें धोनी को देखते ही सुरेश रैना गले मिलते हैं और उन्हें गर्दन पर किस भी करते हैं।

धोनी से चेन्नै में मिले सुरेश रैना

चेन्नै सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से उनके पुराने टीम साथी सुरेश रैना ने चेन्नै में मुलाकात की। जैसे ही रैना ने धोनी को देखा, तो उन्हें गले लगा लिया और गर्दन पर किस भी किया।

CSK ने शेयर किया विडियो

चेन्नै सुपर किंग्स ने ट्विटर पर एक विडियो शेयर किया जिसमें सुरेश रैना पहले टीम होटल पहुंचते हैं और फिर धोनी उनसे मिलते हैं। धोनी को देखते ही रैना काफी खुश नजर आते हैं।

धोनी की कप्तानी में भारतीय टीम में खेले हैं रैना

सुरेश रैना भारतीय क्रिकेट टीम में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में खेल चुके हैं। रैना दो साल पहले टीम इंडिया की ब्लू जर्सी में नजर आए थे, जब उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफलीड्स में वनडे इंटरनैशनल मैच खेला था। वहीं, धोनी पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में खेले थे धोनी के फैंस उन्हें थाला कहते हैं तो वहीं, सुरेश रैना को 'चिना थाला' कहा जाता है। इससे पहले धोनी जब चेन्नै के एयरपोर्ट पहुंचे, तब उनका जोरदार स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में फैंस उनके साथ सेल्फी क्लिक कराने की होड़ में नजर आए।

हार्दिक पंड्या ने बढ़ाया 3 महीने में 7 किलो वजन

- **सोशल मीडिया पर शेयर किया फोटो**

नई दिल्ली। टीम इंडिया में वापसी की तैयारियों में जुटे स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने तीन महीने में 7 किलोग्राम वजन बढ़ाया है। उन्होंने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर अपनी 2 तस्वीरें शेयर कीं। वह पिछले साल सितंबर में टीम इंडिया की जर्सी पहने खेलते नजर आए थे जिसके बाद से वह भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं।

लोअर बैक की सर्जरी कराने के बाद हार्दिक पिछले करीब 6 महीने से टीम से बाहर चल रहे हैं। हार्दिक ने अपनी तस्वीरें पोस्ट करने के साथ लिखा कि उन्होंने तीन महीने में 68 किलोग्राम से अपना वजन बढ़ाकर 75 किलोग्राम कर लिया है।

26 वर्षीय हार्दिक ने लिखा, 'तीन महीने में 68 किलोग्राम से 75 किलोग्राम, बिना रुके मेहनत, कोई शॉर्टकट नहीं।' उन्होंने साथ ही हैशटैग दिया

2018 एशिया कप के दौरान हार्दिक चोटिल हो गए थे जिसके बाद से वह टीम से अंदर-बाहर होते रहे। पिछले साल अक्टूबर में हार्दिक ने लंदन में लोअर बैक सर्जरी कराई।

करियर में 11 टेस्ट, 54 वनडे और 40 टी20 इंटरनैशनल मैच खेल चुके हार्दिक पिछले साल सितंबर में ब्लू जर्सी में नजर आए थे। उन्होंने सितंबर 2019 में बेंगलुरु में साउथ अफ्रीका के खिलाफ अपना आखिरी टी20 इंटरनैशनल मैच खेला जिसमें 14 रन बनाए और 1 विकेट भी लिया।

सानिया मिर्जा और अंकिता रैना के साथ भारत फेड कप की चुनौती के लिए तैयार

- **भारतीय टीम को चीन, चीनी ताइपे और कोरिया से कड़ी चुनौती मिल सकती है क्योंकि उनकी टीमों में टॉप-100 में शामिल खिलाड़ी हैं। भारत को इंडोनेशिया और उज्बेकिस्तान के खिलाफज्यादा परेशानी नहीं होना चाहिए।**

दुबई। अनुभवी सानिया मिर्जा और शानदार फॉर्म में चल रहीं अंकिता रैना की मौजूदगी से भारतीय टीम मंगलवार से यहां शुरू हो रहे छह देशों की फेड कप प्रतियोगिता में प्लेऑफ में जगह पक्की करने की कोशिश करेगी। अंकिता इस सत्र की शुरुआत से शानदार लय में है। उन्होंने आईटीएफप्रतियोगिता के दो एकल खिताब जीतने के साथ दो युगल खिताब भी अपने नाम किए हैं। वह एकल रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 160वें पायदान पर हैं लेकिन फेड कप में उनका प्रदर्शन शानदार रहा है जहां उन्होंने खुद से बेहतर खिलाड़ियों को कड़ी टक्कर दी है।

अंकिता कई बार ग्रैंडस्लैम जीत चुकीं सानिया के साथ कप्तान विशाल उप्पल की सबसे बड़ी हथियार होंगी। कोरोना वायरस के संक्रमण के प्रसार के कारण टूर्नामेंट तीन सप्ताह के विलंब से खेला जा रहा है। भारत को हालांकि इसका फायदा हुआ है क्योंकि ऑस्ट्रेलियन ओपन के युगल मुकाबले में चोटिल हुईं सानिया को चोट से उबरने का समय मिल गया।

बड़े मैचों को खेलने और जीत दर्ज करने के उनके अनुभव से टीम के युवा खिलाड़ियों को दबाव से बेहतर तरीके से निपटने में मदद करेगा।

ग्राम पंचायत कनसिंघी

सरपंच
श्रीमती पीलीबाई कुंजाम

उप सरपंच
श्रीमती अंटेक चन्द्राकर

नवनिर्वाचित सरपंच
उप संरपच
एवं
पंचों को बहुमतों के साथ
चुने जाने पर
समस्त ग्रामवासियों
को आभार,
शुभकामनायें एवं
हार्दिक बधाई...

ग्राम पंचायत अमलोर

ग्राम पंचायत
अमलोर के
नवनिर्वाचित सरपंच
बनने पर
समस्त ग्रामवासियों
को आभार
शुभकामनाएं
एवं बधाई...

सरपंच
श्रीमती शीतल बाई ध्रुव

उप सरपंच - टेकलाल यादव, पंच - श्रीमती लीला बाई, श्री टीकम सिंग, श्रीमती तुलसी बाई साहू, श्री गड़हा ध्रुव, श्रीमती बिना बाई बरिहा, श्रीमती जयन्ती पाण्डेय, श्रीमती बनवासा साहू, श्री योगराम बरिहा, श्रीमती सरस्वती एवं समस्त ग्रामवासी

ग्राम पंचायत अमेठी

सरपंच
श्री देव कुमार कंवर

नवनिर्वाचित सरपंच
श्री देव कुमार कंवर

उप सरपंच
भूषण लाल कंवर
एवं समस्त पंचों को
....हार्दिक बधाई .....

पंच - श्रीमती बिन्दा बाई, श्रीमती कृष्णा बाई, श्री हेमकुमार, श्रीमती भुनेश्वरी बाई, श्रीमती फूल कुंवर, श्रीमती रतीनी बाई, श्री संतराम, श्रीमती हीराबाई, श्री कोमल राम एवं समस्त ग्रामवासी

न्यूज गैलरी

रुपया 47 पैसे टूटा

मुंबई (वार्ता)। दुनिया की प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर में रही तेजी और घरेलू स्तर पर शेयर बाजार में जारी गिरावट के कारण सोमवार को अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 47 पैसे टूटकर 72.71 रुपये प्रति डॉलर पर रहा। पिछले सत्र में यह 72.24 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। रुपया आज 15 पैसे की मजबूती लेकर 72.09 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और 72.04 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर तक गया। वैश्विक स्तर कच्चे तेल और कीमती धातुओं में रही तेजी के साथ ही डॉलर की कीमतों में सुधार होने के साथ ही शेयर बाजार के गिरावट लेकर बंद होने का भी दबाव बना और यह 72.78 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक उतर गया। अंत में यह पिछले दिवस की तुलना में 47 पैसे टूटकर 72.71 रुपये प्रति डॉलर पर रहा।

गो-एयर की सेल, किराया 955 रुपये से

नई दिल्ली (वार्ता)। वाडिया समूह की किफायती विमान सेवा कंपनी गोएयर ने मंगलवार से तीन दिन की सेल की घोषणा की है जिसमे घरेलू मार्गों पर किराया 955 रुपये से और अंतराष्ट्रीय मार्गों पर 5,799 रुपये से शुरू है। एयरलाइन ने बताया कि इस ऑफर के तहत 17 मार्च से 16 अप्रैल की यात्रा के टिकट बुक कराये जा सकेंगे। टिकट की बुकिंग 03 मार्च से 05 मार्च तक करायी जा सकती है। सेल के तहत टिकट की बुकिंग एयरलाइन की वेबसाइट, मोबाइल ऐप या हवाई अड्डों पर उसके काउंटरों से होगी।

दक्षिण अफ्रीका मंदी की चपेट में

जोहिनिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका मंदी की चपेट में आ गया है। साख्यिकी ब्यूरो ने मंगलवार को कहा कि 1994 में रंगभेद की नीति समाप्त होने के बाद से यह तीसरी बार है जब मंदी आयी है। वर्ष 2019 के अंतिम तीन महीनों में देश मंदी में आया है। स्टैटिक्स साऊथ अफ्रीका ने कहा कि 2019 की अंतिम तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 1.4 प्रतिशत की गिरावट आयी। इससे पिछले तीन महीनों में इसमें 0.8 प्रतिशत की गिरावट आयी थी। इससे दक्षिण अफ्रीका का 2019 में आर्थिक वृद्धि दर महज 0.2 प्रतिशत रही। वर्ष 2009 में वैश्विक वित्तीय संकट के बाद यह वृद्धि दर का न्यूनतम स्तर है। ब्यूरो के अनुसार कृषि और परिवहन क्षेत्र के कमजोर प्रदर्शन से आर्थिक वृद्धि नीचे आयी है। इसके अलावा निर्माण, खनन और विनिर्माण क्षेत्र का भी प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। इसके कारण वित्त विभाग के अच्छे योगदान और सरकार के खर्च के बावजूद अच्छा प्रभाव नहीं पड़ा। जब दो तिमाही में लगातार आर्थिक वृद्धि दर में गिरावट आती है तब मंदी की स्थिति कही जाती है। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका 2008/09 तथा उसके बाद 2018 में मंदी की चपेट में गया था।

सरकार के खजाने में आ गए 8000 करोड़

वोडाफोन-आइडिया, रिलायंस जियो, एयरटेल और टाटा ने किया भुगतान

नई दिल्ली। वोडाफोन आइडिया लिमिटेड ने सरकार को स्पेक्ट्रम बकाये का करीब 3,043 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक वहीं आज एयरटेल ने 1,950 करोड़ रुपये व रिलायंस जियो ने भी 1,053 रुपये का भुगतान किया है। जबकि टाटा ने भी सरकार को एजीआर बकाये का अतिरिक्त 2,000 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। दूरसंचार विभाग के सूत्रों ने इस बात की पुष्टि की है कि कंपनी ने लगभग 3,043 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। बता दें इससे पहले वोडाफोन आइडिया ने एक हजार करोड़ रुपये का भुगतान किया है। कंपनी ने पहली किश्त में सरकार को 2,197 करोड़ रुपये का भुगतान किया था, जबकि छ्ण्ज्ञ की गणना 14 करोड़ रुपये से अधिक की बकाया राशि थी।

सांविधिक बकाया को लेकर कंपनियों तथा दूरसंचार विभाग के आकलनों में अंतर के बीच यह कदम उठाया जा रहा है। कुछ दूरसंचार कंपनियों ने इस मद में कुछ राशि का भुगतान किया है जबकि कुछ ने अंतिम रूप से भुगतान करने की घोषणा की है। ऐसे में दूरसंचार विभाग का यह कदम महत्वपूर्ण है। भारती एयरटेल ने हाल ही में दूरसंचार विभाग को 18,000 करोड़ रुपये का भुगतान किया और कहा कि उसने एजीआर देनदारी मद में पूरी राशि का भुगतान कर दिया है। हालांकि, यह दूरसंचार विभाग के आकलन के अनुसार 35,000 करोड़ रुपये से कहीं कम है। इसी प्रकार, टाटा टेलीसर्विसेज ने इस मद में 2,197 करोड़ रुपये का भुगतान किया जबकि दूरसंचार विभाग के अनुसार कंपनी पर कुल 14,000 करोड़ रुपये का बकाया है।

वोडाफोन आइडिया ने अब तक दो किस्तों में 3,500 करोड़ रुपये का भुगतान किया है, लेकिन कंपनी अभी पूरे बकाये का आकलन कर ही रही है। सरकारी गणना के मुताबिक वोडाफोन आइडिया लिमिटेड पर एजीआर बकाया मद में 53,000 करोड़ रुपये का बकाया है। मामले से जुड़े सूत्र ने कहा कि दूरसंचार विभाग (डीओटी) दूरसंचार कंपनियों को पत्र लिखकर विभाग और कंपनियों के स्वयं के आकलन में आ रहे फर्क के बारे में स्पष्टीकरण मांगेगा। सूत्रों ने कहा कि डीओटी ने दूरसंचार कंपनियों से अपने प्रबंध निदेशकों के नाम और उनके पते के बारे में भी जानकारी देने को कहा है। उसका कहना है कि ये ब्योरा अदालत को चाहिए। बता दें कंपनियों के आकलन का दूरसंचार विभाग की मांग से मिलान नहीं हुआ है। टाटा टेली ने अभी 2,197 करोड़ रुपये का भुगतान किया है और कंपनी का कहना है कि अब उसकी कोई देनदारी नहीं बनती है। वहीं दूरसंचार विभाग के मुताबिक टाटा टेली की 14,382 करोड़ रुपये की देनदारी बनती है। सरकार टाटा टेली के दावे की जांच कर रही है। बाकी कंपनियों के सेल्फ एससेमेंट के मिलान में वक्त लगेगा। वहीं वोडाफोन का दावा है कि उसकी देनदारी मात्र 7,000 करोड़ रुपये बनती है। ऐसे में कंपनियों के साथ कार्रवाई करने के लिए वक्त चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने 17 मार्च तक आदेश का अनुपालन मांगा है।

कंपनियों के आकलन का दूरसंचार विभाग की मांग से मिलान नहीं हुआ है। टाटा टेली ने अभी 2,197 करोड़ रुपये का भुगतान किया है और कंपनी का कहना है कि अब उसकी कोई देनदारी नहीं बनती है। वहीं दूरसंचार विभाग के मुताबिक टाटा टेली की 14,382 करोड़ रुपये की देनदारी बनती है। सरकार टाटा टेली के दावे की जांच कर रही है। बाकी कंपनियों के सेल्फ एससेमेंट के मिलान में वक्त लगेगा। वहीं वोडाफोन का दावा है कि उसकी देनदारी मात्र 7,000 करोड़ रुपये बनती है। ऐसे में कंपनियों के साथ कार्रवाई करने के लिए वक्त चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने 17 मार्च तक आदेश का अनुपालन मांगा है।

कोरोना: आईएमएफ विश्व बैंक ने दिया मदद का आश्वासन

नई दिल्ली (वार्ता)। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक ने कोरोना वायरस 'कोविड-19' से निपटने में सदस्य देशों को मदद का आश्वासन दिया है।

आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टीना जॉर्जीवा और विश्व बैंक के अध्यक्ष डेविस मालपस ने एक संयुक्त बयान में कहा ÷आईएमएफ और विश्व बैंक समूह कोविड-19 वायरस से उत्पन्न मानव विपत्ति और आर्थिक चुनौतियों से निपटने में सदस्य देशों की मदद के लिए तैयार है। हम अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों और राष्ट्रीय सरकारों के साथ सतत संपर्क में हैं। जिन गरीब देशों में स्वास्थ्य प्रणाली कमजोर है वहाँ हम विशेष रूप से ध्यान दे रहे हैं। दोनों प्रमुख वैश्विक संस्थानों ने कहा कि वे आपात वित्तीय मदद, नीतिगत सलाह और प्रौद्योगिकी मदद समेत अपने सभी उपलब्ध संसाधनों का इस्तेमाल करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा तथा भविष्य में संभावित किसी भी महामारी से निपटने के लिए स्वास्थ्य संबंधी निगरानी और प्रतिक्रिया प्रणाली महत्वपूर्ण है।

श्री जॉर्जीवा और श्री मालपस ने कहा कि कोविड-19 वायरस के स्वास्थ्य तथा अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभावों का सामना करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग महत्वपूर्ण है। आईएमएफ और विश्व बैंक अपने सदस्य देशों के लोगों को हर अपेक्षित सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

प्याज के निर्यात से प्रतिबंध हटा

नई दिल्ली (वार्ता)। सरकार ने देश में प्याज की कीमतों में आ रही कमी के कारण 15 मार्च से इसके निर्यात पर से प्रतिबंध हटाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में सोमवार को यहाँ जारी परिपत्र में कहा गया कि अभी हर किस्म के प्याज का निर्यात प्रतिबंधित है, लेकिन 15 मार्च से यह प्रतिबंध हटाया जा रहा है। इसके बाद देश में उत्पादित प्याज का निर्यात किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि करीब चार महीने पहले जब प्याज की कीमतों में भारी तेजी आने लगी थी तब इसके निर्यात को प्रतिबंधित कर दिया गया था। देश में इसकी कीमतों में भारी बढ़ोतरी होने पर इसका आयात किये जाने लगा था, लेकिन अब इसकी कीमतों में कमी आ गयी है और अभी इसकी औसत खुदरा कीमत करीब 40 रुपये प्रति किलोग्राम है।

हालाँकि अभी से प्याज उत्पादकों को उनके उत्पाद के उचित मूल्य नहीं मिलने की खबरें आने लगी है। यह मुद्दा संसद में ही बजट सत्र के पहले चरण में उठा था।

बजाज ऑटो की बिक्री 10 फीसदी से ज्यादा गिरी

नई दिल्ली (वार्ता)। दोपहिया और तिपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी बजाज ऑटो ने इस वर्ष फरवरी में कुल मिलाकर 354913 वाहनों की बिक्री की जो पिछले वर्ष इसी महीने में बेचे गये 393089 वाहनों की तुलना में 10 फीसदी कम है। कंपनी ने सोमवार को यहां जारी बिक्री के आंकड़ों के अनुसार फरवरी 2020 में उसने घरेलू बाजार में 146867 दोपहिया वाहनों की बिक्री की जो पिछले वर्ष इसी महीने में बेचे गये 186523 वाहनों की तुलना में 21 फीसदी कम है। इस दौरान कंपनी के दोपहिया वाहनों के निर्यात में 15 फीसदी की बढोतरी हुयी और यह आंकड़ा बढ़कर 163346 पर पहुंच गया। कुल मिलाकर कंपनी के दोपहिया वाहनों की बिक्री इस महीने में 310222 वाहन रही जो फरवरी 2019 में बेचे गये 327985 वाहनों की तुलना में पांच प्रतिशत कम है। इस महीने में कंपनी के व्यावसायिक वाहनों की बिक्री 31 फीसदी घटकर 44691 इकाई रह गयी।

इंडिगो और गो एयर 180 पीडब्ल्यू इंजन को बदलेंगे

नई दिल्ली। विमानन नियामक डीजीसीए ने मंगलवार को बताया कि इंडिगो और गो एयर ए-320 नियो विमानों में लगे कुल 180 अपरिवर्तित प्रैट एंड व्हिटनी (पीडब्ल्यू)इंजन को एक-एक कर इस साल के मई तक बदल देंगे। इंडिगो और गो एयर के बेड़े में क्रमश 106 और 43 प्रैट एंड व्हिटनी इंजन लगे ए 320 नियो विमान हैं। इन विमानों को बेड़े में शामिल करने के बाद पीडब्ल्यू इंजन में समस्या की कई घटनाएं सामने आई थी। उल्लेखनीय है कि इंडिगो के बेड़े में एलपीटी (निम्न दाब टर्बाइन) के खराब होने की अधिक घटनाएं सामने आई थी जिसके बाद नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने पिछले साल एक नवंबर को कंपनी को निर्देश दिया था कि वह 31 जनवरी तक अपरिवर्तित इंजन को परिष्कृत इंजन से बदले। डीजीसीए ने इसके बाद इस समय सीमा को बढ़ाकर 30 मई कर दी। नियामक ने मंगलवार को बताया कि पीडब्ल्यू एयर इंडिया के साथ मिलकर भारत के मुंबई में इंजन के रखरखाव, मरम्मत और पुरी जांच के लिए सुविधा स्थापित करने की प्रक्रिया में है ताकि तीसरे चरण के एलपीटी को बदला जा सके।

सोना 129 रुपये चढ़ा

42,085 रुपये प्रति 10 ग्राम

नई दिल्ली। वैश्विक स्तर पर मजबूत रुख के बीच सटोरियों की ताजा लिवाली के चलते घरेलू बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 129 रुपये बढ़कर 42,085 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में अप्रैल के लिए सोने के सौदे 129 रुपये या 0.31 प्रतिशत की तेजी के साथ 42,085 रुपये प्रति 10 ग्राम पर हुए। इसमें 1,558 लॉट के लिए कारोबार हुआ। इसी तरह जून में डिलीवरी के लिए सोना 107 रुपये या 0.25 प्रतिशत बढ़कर 42,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंच गया। इसमें 70 लॉट के लिए कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में सकारात्मक संकेतों के चलते कारोबारियों की सक्रियता बढ़ने से सोने की कीमतों में तेजी आई। वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में सोने का भाव 0.30 प्रतिशत बढ़कर 1,599.60 डॉलर प्रति औंस हो गया।

लगातार चौथे दिन घटे पेट्रोल डीजल के दाम

नईदिल्ली। पेट्रोल और डीजल के दाम में लगातार चौथे दिन मंगलवार को गिरावट का सिलसिला जारी रहा। तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल के दाम में दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में पांच पैसे प्रति लीटर की कटौती की वहीं, डीजल का दाम दिल्ली और कोलकाता में सात पैसे, जबकि मुंबई और चेन्नई में आठ पैसे प्रति लीटर कम हो गया है। इन चार दिनों में उपभोक्ताओं को पेट्रोल और डीजल के दाम में करीब 55 पैसे प्रति लीटर की राहत मिली है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बीते दिनों कच्चे तेल के दाम में आई भारी गिरावट के कारण पेट्रोल और डीजल के दाम में कमी आई है। हालांकि कच्चे तेल में फिर तेजी लौटी है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल का दाम घटकर क्रमशः 71.44 रुपये, 74.11 रुपये, 77.13 रुपये और 74.23 रुपये प्रति लीटर हो गया है। चारों महानगरों में डीजल का भाव भी घटकर क्रमशः 64.03 रुपये, 66.36 रुपये, 67.05 रुपये और 67.57 रुपये प्रति हो गया है।

शुल्क बढ़ा | एसबीआई ने बढ़ाया चार्ज, ग्रामीण और शहरी इलाकों के लिए अलग-अलग चार्ज

ग्राहकों के लिए बैंक का लॉकर अब हो गया महंगा

नईदिल्ली। अधिकतर लोग अपनी कीमती वस्तुओं एवं दस्तावेजों को बैंक के लॉकर में रखना पसंद करते हैं। इसका मूल कारण यह है कि ये घर की अपेक्षा बैंक के लॉकर में अधिक सुरक्षित रहते हैं। इसके लिए बैंक शुल्क वसूल करती है। अगर आपका लॉकर भारतीय स्टेट बैंक में है तो अगले महीने से लॉकर में सामान रखना महंगा होने जा रहा है। एसबीआई ने लॉकर के शुल्क में बढ़ोतरी की है और नई दरें 31 मार्च से लागू होंगी।

साइज के आधार पर शुल्क

एसबीआई की वेबसाइट के अनुसार, उसने लॉकर के आकार के आधार पर रेंटल चार्ज को 500-3,000 रुपये तक बढ़ाने का फैसला किया है। यह फीस इस बात पर भी निर्भर करेगी कि खाताधारक का लॉकर किस शहर में है।

बैंक लॉकर क्या है

सेफ डिपॉजिट लॉकर बैंकों की खास सुविधा होती है। ये लॉकर अलग-अलग आकार में आते हैं। इनका इस्तेमाल लोग अपनी कीमती वस्तुएं रखने के लिए करते हैं। केवल लॉकर होल्डर या जॉइंट होल्डर इन्हें ऑपरेट कर सकता है।

किन दस्तावेजों की जरूरत

लॉकर खुलवाने के लिए केवाईसी तस्वीरों के साथ केवाईसी दस्तावेज जमा करने पड़ते हैं। बैंक तीन साल के लिए लॉकर के रेंट को कवर करने के वास्ते फिक्स्ड डिपॉजिट शुरू करने को कह सकता है। अमूमन आवेदक को बैंक स्टैंडिंग इंस्ट्रक्शन देते हैं कि वे खाते से फीस को काट लें।

मेट्रो शहरों के लिए चार्ज

अगर मेट्रो या बड़े शहर में छोटा लॉकर है तो रेंटल चार्ज को 500-2,000 रुपये तक बढ़ाया गया है। इन्हीं शहरों में बड़े लॉकर की फीस में 2,000-8,000 रुपये तक की बढ़ोतरी की गई है।

ग्रामीण इलाकों के चार्ज

अर्धशहरी और ग्रामीण इलाकों में चार्ज को 1,000 रुपये से 6,000 रुपये के बीच बढ़ाया गया है। इन दरों में वस्तु एवं सेवा कर शामिल नहीं हैं। एसबीआई ने लॉकर के शुल्क में बढ़ोतरी की है।

हॉटस्टार का हिंदी क्षेत्रों में पहुंचने का अभियान

नई दिल्ली (वार्ता)। वीडियो कंटेंट प्लेटफॉर्म हॉटस्टार ने हिन्दी भाषी क्षेत्रों में अपनी पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से नया अभियान 'हॉटस्टार का वादा, फ्री एंटरटेनमेंट सबसे ज्यादा' शुरू किया है। कंपनी ने सोमवार को यहां जारी बयान में कहा कि इसके माध्यम से वह हिंदी भाषी क्षेत्रों के उन लाखों दर्शकों तक पहुंचेगा, जिन्हें हाई क्वालिटी का कंटेंट फ्री में बहुत कम उपलब्ध होता है। देश के टियर 2 एवं 3 शहरों में ऑनलाइन वीडियो उपयोग में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। इन शहरों में बड़ी संख्या में दर्शकों को हाई क्वालिटी एंटरटेनमेंट उपलब्ध नहीं हो पाता और उन्हें सीमित एवं पुराना कंटेंट बार-बार देखना पड़ता है। उसने कहा कि टैरिफपर टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) के आदेश के बाद कुछ लोग पेड चैनल नहीं देख पा रहे हैं, जबकि कुछ लोग बुनियादी ढांचे की कमी के कारण अपना मनपसंद कंटेंट नहीं देख पा रहे हैं। सबसे ज्यादा मुश्किल तब होती है जब बड़े परिवारों में एक ही टीवी उपलब्ध होता है और हर किसी के लिए अपना मनपसंद कार्यक्रम देखना मुमकिन नहीं हो पाता। इस अभियान के माध्यम से हॉटस्टार दर्शकों को कंटेंट की उपलब्धता में होने वाली इस कमी को पूरी करने पर जोर दिया है।

आज का भविष्यफल

मेष: आज आप अपने खाने-पीने में ज्यादा ध्यान दें। घर के बाहर के खाने से बचें। ऑफिस में अपने विरोधी के षड्यंत्र से सावधान रहें। आज खर्च भी ज्यादा हो सकता है। घर के छोटे सदस्यों के साथ अधिक वक्त बिताएं।

वृषभ: आज का दिन शुभ है। अपने प्रेमी से आज मिलन होगा। दिनभर उत्साह बना रहेगा। कुछ असमंजस के कारण मुनाफे के रास्ते में अड़चन आ सकती है।

मिथुन: आज का दिन थोड़ा सावधानी से चलने का है। आसपास के लोगों से बहसबाजी में न उलझें कहा सुनी हो सकती है। किसी शुभ मांगलिक कार्य में जाने का मौका मिलेगा। दूसरों की मदद से दिल को सकून मिलेगा।

कर्क: आपके लिए आज का दिन सामान्य रिजल्ट देने वाला होगा। कुछ समय पहले बनाए नए रिश्तों के साथ समय अच्छा गुजरेगा।

सिंह: आज का दिन काफी बिजी रहेगा। मेहनत के बाद उसका फल मिल जाएगा। इज्जत बढ़ेगी और अचानक घूमने फिरने से कोई फायदा हो सकता है। किसी से बहस न करें तो आपके लिए अच्छा है।

कन्या: आज का दिन खुशगवार बीतेगा। बार-बार लाभ के मौके मिलेंगे। किसी असरदार शख्स पर पैसा खर्च हो सकता है, पढ़ाई लिखाई में मन लगेगा।

तुला: आपके लिए आज का दिन एक्टिव है। पैसे की परेशानियां सुलझ जाएंगी। हेल्थ से जुड़ी परेशानियां हल हो जाएंगी। किसी खास व्यक्ति से परिचय होगा और बिजनस में फायदा पहुंचेगा।

वृश्चिक: आज का दिन प्रोडक्टिव है। थोड़ी सी मेहनत से ही सम्मान मिलेगा। पारिवारिक जीवन में पत्नी और बच्चों के साथ समय बिताने से मन प्रसन्न रहेगा।

धनु: आज का दिन आपके लिए अच्छा है। राजनीतिक गतिविधियां बढ़ेंगी। किसी अनुभवी व्यक्ति से लाभ उठाएं लेकिन उस पर धन खर्च होगा।

मकर: छोटे-मोटे झगड़े दिन के पहले हिस्से में सिर उठाएंगे लेकिन आपकी सूझबूझ से जल्द ही निपट जाएंगे। बढ़ते खर्च पर लगाम लगेगी। अधिक मेहनत करेंगे और अपने व्यवहार में सुधार करेंगे तो फायदे में रहेंगे।

कुंभ: आज का दिन थोड़ा स्लो है। ऑफिस में काम को धीरे-धीरे ही करेंगे तो फायदे हो ही जाएंगे। पढ़ाई-लिखाई में ध्यान दें। प्रॉपर्टी का लाभ मिलेगा। ऑफिस में नए साथी काम में हाथ बटाएंगे।

मीन: आज का दिन लकी रहेगा। बिजनस और इन्वेस्टमेंट में टेंशन खत्म होगी। खास लोगों से कॉन्टैक्ट बढ़ेगा और घूमने फिरने और मनोरंजन का सुख भी मिलेगा।

सू-दोकू

	1			4			7	
		6	9		2			1
	7			6		8		2
1							8	
	8			5		2		3
3		2			4		1	
	3		2			4		
		8		1	6			7
9			4				2	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है, जिसमें 9 वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र 51 का हल

3	9	6	8	2	5	4	7	1
8	2	5	1	7	4	6	3	9
7	1	4	6	9	3		2	5
1	8	9	3	6	7	2	5	4
2	6	7	5	4	8	1	9	3
5	4	3	9	1	2	7	8	6
6	7	2	4	3	9	5	1	8
9	5	1	7	8	6	3	4	2
4	3	8	2	5	1	9	6	7

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं

1. सम्मति, ख्यात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

ऊपर से नीचे

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबास, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थित प्रसिद्ध जेल।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 51 का हल

इंफ्रास्ट्रक्चर, युवा कल्याण, शिक्षा के लिए भी बजट में बहुत कुछ

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा में मंगलवार को पेश बजट में बुनियादी ढांचा, शिक्षा, कौशल विकास , युवा कल्याण को लेकर भी कई प्रावधान किए गए हैं। बुनियादी ढांचा विकास की बात करें तो 3535 करोड़ की लागत से प्रदेश में 25 नई सड़कें बनाई जाएंगी। इसके लिए बजट में 710 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

25 नई सड़कों के लिए 710 करोड़

एशियन विकास बैंक की सहायता से राज्य में सड़क विकास परियोजना (फेज़-3) के अंतर्गत कुल 3 हजार 535 करोड़ लागत की 25 नवीन सड़कों हेतु 710 करोड़ का प्रावधान है। वर्ष 2020-21 में एडीबी सहायित सड़क विकास योजना की चैथे चरण की स्वीकृति भी प्राप्त की जायेगी। नवीन वृहद पुल निर्माण हेतु 240 करोड़ 50 लाख एवं नवीन मध्यम पुल निर्माण की जवाहर सेतु योजना के अंतर्गत 151 करोड़ का प्रावधान है। सड़क एवं पुल निर्माण के नवीन कार्यों के लिए 600 करोड़ का नवीन मद में प्रावधान है। इनमें 434 ग्रामीण सड़कें, 88 मुख्य जिला मार्ग, 50 राज्य मार्ग एवं 31 शहरी मार्गों का निर्माण किया जायेगा।

11 नवीन ऑडिटोरियम भी बनेंगे

500 एवं 750 सीट की क्षमता वाले 11 नवीन ऑडिटोरियम का निर्माण किया जायेगा। इसके अतिरिक्त संभागीय मुख्यालयों दुर्ग, जगदलपुर एवं अम्बिकापुर में 3 हजार 500 सीटर क्षमता के 3 नवीन इन्डोर स्टेडियम का निर्माण किया जायेगा। इसके लिये नवीन मद में 54 करोड़ 50 लाख का प्रावधान है। नवा रायपुर में झीरम घाटी के शहीदों की स्मृति में शहीद स्मारक का निर्माण किया जायेगा। जगदलपुर, अंबिकापुर एवं बिलासपुर एयरपोर्ट में आटोमेटेड एयर ट्रैफिक कंट्रोल टावर की स्थापना हेतु 7 करोड़ 20 लाख का प्रावधान है। बैकुण्ठपुर (कोरिया) में एयर स्ट्रीप के निर्माण हेतु 1 करोड़ का प्रावधान है।

परिवहन

वाहनों में ओवर लोडिंग की जांच के लिये वे-ब्रिज की स्थापना हेतु 9 करोड़ का प्रावधान। सार्वजनिक परिवहन में महिलाओं की सुरक्षा के लिये वाहनों में जीपीएस के ट्रैकिंग हेतु व्हीकल ट्रैकिंग प्लेटफार्म का निर्माण किया जायेगा। इस हेतु 14 करोड़ 40 लाख का प्रावधान है।

विद्युतीकरण

- मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के लिये 25 करोड़ का प्रावधान है।
- 400 यूनिट तक के बिजली बिल आधा के लिये 850 करोड़ का प्रावधान है।
- मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना में 135 करोड़ का प्रावधान है।

शिक्षा

- महान संत गुरू घासीदास की जन्मस्थली ग्राम गिरौदपुरी में गुरूकुल विद्यालय की स्थापना की जायेगी।
- तोंगपाल, जिला सुकमा एवं कुआकोंडा, जिला दंतेवाड़ा में छात्रावास की सुविधा सहित नवीन महाविद्यालय प्रारंभ किया जायेगा।
- सुकमा, कोण्डागांव, नारायणपुर, बीजापुर एवं तखतपुर में कन्या महाविद्यालय खोला जायेगा।
- महात्मा गांधी के छत्तीसगढ़ आगमन की स्मृति में ग्राम कंडेल, जिला धमतरी में महाविद्यालय प्रारंभ किया जायेगा।

कौशल विकास

- औद्योगिक क्षेत्र सिरगिट्टी, नगरनार एवं तिल्दा में नवीन आईटीआई. खोले जाएंगे।
- दंतेवाड़ा में मल्टी स्किल सेंटर की स्थापना के लिए 3.85 करोड़ का प्रावधान है।
- मुख्यमंत्री पॉलीटेक्निक गुणवत्ता विकास योजना के तहत 9 पॉलीटेक्निक कॉलेज के उन्नयन हेतु 5 करोड़ का प्रावधान है।
- राज्य के 3 इंजीनियरिंग कॉलेज एवं 5 पॉलीटेक्निक कॉलेजों में नव विकसित तकनीकों के अध्ययन एवं शोध हेतु इंटरनेट ऑफ थिंग्स एवं रोबोटिक्स की प्रयोगशालाएं स्थापित की जायेगी।

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग

अनुसूचित जनजाति वर्ग के बच्चों के लिये 61 नये छात्रावास खोलने सहित कुल छात्रावास/आश्रमों के संचालन के लिये 378 करोड़ का प्रावधान है। नवीन मद में 100 भवन विहीन छात्रावास/आश्रमों के भवन निर्माण सहित कुल छात्रावास/आश्रम निर्माण कार्यों के लिये विवेकानंद गुरूकुल उन्नयन योजना में 303 करोड़ का प्रावधान है। जनजाति सलाहकार परिषद् के कामकाज के लिये पृथक सचिवालय की स्थापना की जायेगी। दिसंबर 2019 में रायपुर में आयोजित देश के सबसे बड़े आदिवासी नृत्य महोत्सव की सफलता को देखते हुए प्रतिवर्ष राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के दौरान निःशुल्क आवासीय सुविधा के लिये 10 पोस्ट मैट्रिक छात्रावासों की स्थापना की जायेगी। सरगुजा एवं बस्तर संभाग एवं कोरबा जिले के लिये जिला संवर्ग के तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भर्ती के लिये विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड का गठन किया गया है।

राजस्व प्रशासन : नगर निगम क्षेत्र सर्वेक्षण के लिए 25 करोड़

11 नगर निगम क्षेत्रों के लिये 1 अनुपात 500 के बड़े स्केल वाले नक्शे तैयार किये जाएंगे। नगर निगम क्षेत्रों के सर्वेक्षण कार्य हेतु नवीन मद में 25 करोड़ का प्रावधान है। तहसील कार्यालयों के मॉडल भवन, 25 नये तहसील कार्यालय एवं 4 नये राजस्व अनुविभाग की स्थापना की जायेगी। 10 फरवरी 2020 से अस्तित्व में आ चुके नवीन जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 17 करोड़ की लागत से जिला कार्यालय भवन निर्माण किया जायेगा। इन कार्यों हेतु 11 करोड़ 80 लाख का प्रावधान है।

शिल्प, कला, संस्कृति एवं पर्यटन

- छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की पहचान का केन्द्र बन चुके रायपुर के गढ़-कलेवा की अन्य 26 जिला मुख्यालयों में स्थापना के लिये स्व-सहायता समूहों को 10 लाख का रिवॉल्विंग फंड उपलब्ध कराया जायेगा।
- मुख्यमंत्री लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना हेतु 25 करोड़ का प्रावधान है।
- नवा रायपुर में अभिलेखागार एवं संग्रहालय का निर्माण तथा जगदलपुर एवं बिलासपुर के संग्रहालयों का उन्नयन किया जायेगा।

- राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये विभाग के बजट में 75 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए इस वर्ष 103 करोड़ 50 लाख का प्रावधान किया गया है।
- राम वन गमन पर्यटन परिपथ के अंतर्गत श्रीराम-जानकी द्वारा उपयोग किये गये मार्ग पर चिन्हांकित 9 प्रमुख पर्यटन केन्द्रों पर अधोसंरचना विकास एवं निर्माण के लिये 10 करोड़ का प्रावधान है।

बजट प्रतिक्रियाः कहीं खुशी कहीं गम

भाजपा ने कहा बजट मजाकिया और निराशाजानक, छजकां सुप्रीमो अजीत जोगी बोले मिलाजुला रहा

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश का दूसरा बजट मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सदन में पेश किया। बजट भाषण में उन्हों ने कांग्रेस के वादों, महात्मा गांधी की यादों और गांव, किसान की बातों को तरजीह देते हुए हर वर्ग का ख्याल रखने वाला बजट देने का प्रयास किया। प्रदेश के 2020-21 के बजट भाषण के बाद प्रतिक्रियाओं का भी दौर चला। ज्यादातर ने इसे हर वर्ग के लिए खुशियों वाला बजट बताया तो वहीं विपक्षी दल भाजपा ने इसे मजाकिया

और निराशाजनक बताते हुए बजट की खामियां गिनाते नजर आए। एक ओर लंबे वक्त से संविलियन की बाट जोह रहे हजारों शिक्षाकर्मियों को खास तरजीह मिलते ही उनमें खुशी की लहर देखी गई। जबकि इसके विपरीत अनियमित कर्मचारियों के संघ में बजट में अनदेखी के कारण नाराजगी थी। प्रदेश कांग्रेस का व्यापार प्रकोष्ठ भी बजट से संतुष्ट दिखा। देखिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बजट 2020-12 पर सभी की क्या प्रतिक्रिया रही-

अनियमितों के लिए बजट में नहीं किया प्रावधान

छत्तीसगढ़ सँयुक्त प्रगतिशील कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष बजरंग मिश्र ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री के द्वारा आज जो बजट पेश किया गया वह छत्तीसगढ़ के विकास के लिए रोल मॉडल बनेगा। लेकिन उनके द्वारा अनियमित कर्मचारियो से किये वादे अनुरूप इस बजट में प्रावधान नहीं किये जाने से सभी अनियमित कर्मचारियो का भविष्य अंधकारमय प्रतीत हो रहा है। अनियमित कर्मचरियों का शोषण पूर्ववर्ती व वर्तमान सरकार में बैठे अधिकारियों द्वारा लगातार किया जाता रहा है। वहीं महासंघ के प्रदेश सचिव राजकुमार कुशवाहा ने कहा है भुपेश सरकार का यह दूसरा बजट था जोकि 1 लाख करोड़ से ज्यादा का होने के बावजूद भी इस बजट में अनियमित कर्मचारियो के नियमितीकरण किये जाने बजट में प्रावधान ना किये जाने से अनियमित कर्मचारियो में रोष व गुस्सा है, शाहिद मंसूरी ने कहा जहाँ सरकार ने इस विशाल बजट में अनियमित कर्मचारियो को आशाएं थी कि उन्हें नियमित किये जाने हेतु लगभग 5 हजार करोड़ का प्रावधान इस बजट में किये जा सकते थे।

संविलियन से हजारों घरों में होली में दिवाली मनेगी

इस दौरान विधानसभा में विवेक दुबे ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि आपने हमारी मांगों को पूरा किया, प्रदेश के हजारों शिक्षाकर्मियों की तरफ से हम आपका आभार मानते हैं, आज आपके इस ऐलान से हजारों घरों में होली के मौके पर बड़ी सौगात आपकी तरफ से दी गयी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने संविलियन अधिकार मंच के इस आभार का मुस्कुराते हुए धन्यवाद किया। संविलियन के बाद विवेक दुबे ने कहा कि प्रदेश के शिक्षाकर्मियों को होली का बड़ा तोहफा मिला है।

छात्र, युवा, महिला, मजदूर, किसान सरकार की पहली प्राथमिकता

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा वित्त मंत्री के रूप में प्रस्तुत दूसरे बजट किसानोन्मुखी बजट और ग्रामीण विकास के बजट का कांग्रेस ने स्वागत किया है। कांग्रेस सरकार के दूसरे बजट का स्वागत करते हुए प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि गरीब, मजदूर, महिला, नौजवान की बेहतरी कांग्रेस सरकार का संकल्प इस बजट से स्पष्ट है। इस बजट में सरकार द्वारा ग्रामीण विकास, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा के साथ-साथ सुपोषण पर जोर दिया गया है। छत्तीसगढ़ की 85 प्रतिशत जनसंख्या अपनी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर है। छत्तीसगढ़ राज्य में नरवा, गरवा, घुरवा, बारी जैसी योजनाओं के द्वारा 85 प्रतिशत लोगो की आय बढ़ाने और 85 प्रतिशत जनसंख्या की आय बढ़ाकर पूरे राज्य की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने का संकल्प मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के इस बजट से स्पष्ट है। आईआईटी एम्स में अध्यनरत छत्तीसगढ़ के छात्रों की फीस वहन करने के राज्य सरकार की पहल का स्वागत करते हुये कांग्रेस ने कहा है यह युवाओं और छात्रों के प्रति कांग्रेस सरकार की विजन को दर्शाता है।

दिशाहीन एवं निराशाजनक बजट- विक्रम उसेंडी

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विक्रम

उसेंडी ने राज्य सरकार के बजट को दिशाहीन और निराशाजनक बताया है। श्री उसेंडी ने कहा कि राज्य सरकार के इस बजट में कांग्रेस के जनघोषणा पत्र की कोई झलक दिखाई ही नहीं दे रही है। नीति आयोग की रिपोर्ट बताती है कि पहले बजट से छत्तीसगढ़ देश में 15 से 21 स्थान पर फिसला अब दूसरे बजट से कहा पहुंचेगा पता नहीं? भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री उसेंडी ने कहा कि आर्थिक प्रबंधन के मोर्चे पर प्रदेश सरकार का यह बजट वैचारिक दिशाहीनता और नेतृत्व की विफलता का श्वेत पत्र है जिसमें प्रदेश को विभिन्न योजनाओं का झुनझुना थमाकर लोगों को जरूरतों और जरूरी विकास कार्यों की अनदेखी कर दी गई है। इस बजट में न औद्योगिक क्षेत्रों के लिए कुछ नया विजन है और न ही सबसे विकसित प्रदेश होने की तैयारी। श्री उसेंडी ने कहा कि धान खरीदी के मोर्चे पर बुरी तरह विफल रही प्रदेश सरकार के पास कृषि के नवीनीकरण की कोई योजना तो है ही नहीं, किसानों के स्थायी कल्याण और उनकी खेती व अर्थतंत्र को मजबूत व लाभप्रद बनाने का कोई भी दृष्टिकोण नजर नहीं आ रहा है। खेती की सिंचाई के लिए भी जो घोषणाएं बजट में की गई हैं, आधे-अधूरे मन से की गई हैं।

गढबो नया छत्तीसगढ़ को समर्पित बजट-राजेंद्र जग्गी

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी ने कहा कि यह जो बजट है अन्नदाता को समर्पित है। तेरा तुझको अर्पण की भावना से परिपूर्ण बजट है। हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। इसमें किसानों को के लिए जो इनका 5100 करोड की राशि राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत जो किसानों को बची हुई राशि देने का प्रावधान इस योजना में किया गया है।

छत्तीसगढ़ के व्यापार जगत को ऊपर उठाने में संजीवनी का काम करेगी। इस बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। फूड पार्क के द्वारा रोजगार योजना को बहुत अच्छा प्रतिसाद मिलेगा व्यापारियों के ज्वेलरी पार्क के लिए 1 करोड़ का एक का बजट भी रखा गया है। साथ ही घोषणापत्र में किए गए वादे शिक्षा कर्मियों की संविदा नियुक्ति को भी 1 जुलाई से प्रारंभ करने की घोषणा की गई जो स्वागत योग्य है। आवासी योजना के अंतर्गत बिल्डरों को सिंगल विंडो प्रणाली की स्वीकृति दी गई यह व्यापार जगत को एक ऊंचाइयों में पहुंचाने के लिए कारगर साबित होगी स्वास्थ्य खेल एवं शिक्षा के लिए यह प्रवाधानो से छत्तीसगढ़ के युवाओं को लाभ प्राप्त होगा। यह भी स्वागत योग्य है। छत्तीसगढ़ के बहुमुखी विकास का बजट जो आगे चलकर गढबो नवा छत्तीसगढ़ को धरातल में उतारने मे कारगर साबित होगा।

दीया न तेल, केवल नाउम्मीदी का खेल- नेताप्रतिपक्ष

प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने बजट पर प्रक्रिया व्यक्त करते कहा कि इस पूरे बजट में कहीं भी छत्तीसगढ़ के आम

जनों की चिंता नहीं की गई है। इस बजट को लेकर यही कहा जा सकता है कि दीया है न तेल है केवल नाउम्मीदी का खेल है। नेता प्रतिपक्ष कौशिक ने कहा कि कांग्रेस की सरकार अपने घोषणा पत्र में किये गये वादों को भी पूरा करने में नाकाम है। शराबबंदी को लेकर कुछ भी नहीं किया गया है। जिन वादों के साथ कांग्रेस सत्ता में आयी है उन्हीं वादों से मुकर रही है। उन्होंने कहा कि उद्योग को निराशा हाथ लगी है। उद्योग के लिये कुछ भी खास नहीं है। आधारभूत संरचना को मजबूत करने के दिशा में कोई काम नहीं हुआ है। निवेश की संभावनाएं शून्य हैं। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा की कोई चिंता नहीं की गई है। नेता प्रतिपक्ष श्री कौशिक ने कहा कि गरीब, मजदूर, किसान, युवाओं को बजट में ठगा गया है। बजट पूरी तरह से कोरी कल्पनाओं पर केंद्रित है। विकास की सोच से कोसों दूर है। उन्होंने कहा कि ये छत्तीसगढ़ में वादाखिलाफी का सबसे बड़ा बजट है। कांग्रेस सरकार ने पूरी तरह से असफल बजट पेश किया है।

रोजगार कितना देंगे और वर्ग को लाभ नहीं-रामविचार

वरिष्ठ भाजपा नेता रामविचार नेताम ने भूपेश सरकार के दूसरे बजट को युवा और

वर्ग विरोधी माना है। उनका कहना है कि सरकार ने अपने बजट में न युवाओ को रोजगार कितना उपलब्ध करवाएंगे यह प्लान बताया है और न ही किसी वर्ग को लाभ वाला बजट प्रस्तुत किया है। बजट पूरी तरह निराश करने वाला और खासकर युवाओ को हतोत्साहित करने वाला है।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाला-मोहन मरकाम

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और विधायक मोहन मरकाम ने सीएम भूपेश बघेल के बजट

की सराहना करते हुए कहा है कि उन्हों ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाला और किसानों के ईर्द-गिर्द घूमता बजट देकर महात्मा गांधी के सपनों वाला बजट प्रस्तुत किया है। मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश की 2 करोड़ 80 लाख जनता के हितों की रक्षा की है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत 5100 करोड़ रुपए का प्रावधान, शिक्षाकर्मियों का खास ध्यान और मनरेगा योजना के लिए मजदूरों से लेकर ऑटोमोबाइल सेक्टर के कारोबारियों का जो ख्याल रखा है वो तारीफ के काबिल है।

बजट में कुछ ठीक किया, बहुत अच्छा नहीं- अजीत जोगी

भूपेश सरकार के दूसरे बजट में प्रतिक्रिया देते

हुए छजकां सुप्रीमो अजीत जोगी ने कहा कि बजट में कुछ योजना और उनके लिए किए गए बजट प्रावधान ठीक है सराहनीय हैं। लेकिन बहुत अच्छा बजट नहीं बोलुंगा पर यह कहा जा सकता है कि कुलमिलाकर बजट मिलाजुला रहा। सिंचाई के लिए और राजीव गांधी किसान न्याय योजना के लिए किए गए प्रावधान सराहनीय हैं।

युवा कल्याण

- स्वामी विवेकानंद जी के रायपुर स्थित निवास स्थान डे-भवन को स्वामी विवेकानंद स्मृति संस्थान के रूप में विकसित किया जायेगा।
- राजीव युवा मितान क्लब योजना के लिए नवीन मद में 50 करोड़ का प्रावधान है।
- युवा महोत्सव के लिए नवीन मद में 5 करोड़ का प्रावधान है।
- आईआईटी, आईआईएम एवं एम्स जैसे राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश लेने वाले राज्य के युवाओं के शिक्षण शुल्क का भार शासन द्वारा वहन किया जायेगा तथा ऐसे युवाओं की प्रतिभा का राज्य के विकास में उपयोग करने के लिये शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्थानों में सीधे चयन की पात्रता दी जायेगी।
- खेल संबंधी नीतिगत निर्णय, विभिन्न विभागों से समन्वय, खेल अधोसंरचनाओं का रख-रखाव तथा आवासीय खेल अकादमी के संचालन हेतु छत्तीसगढ़ खेल विकास प्राधिकरण का गठन किया गया है।
- मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना के लिए नवीन मद में 10 करोड़ का प्रावधान है।

वन संपदा

- प्राकृतिक पुनरोत्पादन के संरक्षण हेतु 200 करोड़ का प्रावधान है।
- इससे 60 लाख मानव दिवस रोजगार का सृजन होगा।
- राज्य की सालाना आय में 400 करोड़ की वृद्धि संभावित है।
- लघु वनोपज के प्रसंस्करण हेतु 50 करोड़ का प्रावधान है।

नगरीय प्रशासन एवं विकास

- मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय योजना हेतु 5 करोड़ का प्रावधान किया गया है।
- मुख्यमंत्री मितान योजना प्रारंभ की जा रही है। 10 करोड़ का प्रावधान।
- पौनी-पसारी योजना के लिए 30 करोड़ का प्रावधान है।
- नगरीय क्षेत्र में अधोसंरचना विकास के लिए 489 करोड़।
- स्मार्ट सिटी योजना के लिए 396 करोड़।
- अमृत मिशन के लिए 300 करोड़।
- राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के लिए 50 करोड़।

पुलिस प्रशासन एवं न्याय व्यवस्था

- 1 साइबर पुलिस थाना की स्थापना की जायेगी।
- 3 स्मार्ट पुलिस थाना, 5 नवीन थाना, 10 चैकी एवं 5 पुलिस अनुविभाग कार्यालय भवन बनेंगे
- रायपुर एवं दुर्ग में पुलिस ट्रांजिट भवन तथा बस्तर रेंज में पुलिस कर्मचारियों के लिये 1 हजार आवास गृहों के निर्माण हेतु 22 करोड़ 50 लाख का प्रावधान है।
- 5 थाना, 10 चैकी निर्माण, 10 चैकी से थाने में उन्नयन किया जायेगा।
- बेमेतरा, गरियाबंद, संजारी बालोद, बलौदाबाजार, सूरजपूर, मुंगेली, सुकमा एवं पेण्ड्रारोड के उपजेल को जिला जेल में उन्नयन किया जायेगा।
- जेलों की व्यवस्था में सुधार हेतु सुझाव प्रस्तुत करने के लिये जेल सुधार आयोग का गठन किया जायेगा।
- माननीय उच्च न्यायालय एवं सभी सिविल जिलों में लंबित मामलों में पक्षकारों के बीच समझौता कराने के लिये मध्यस्थता केन्द्र खोला जाना प्रस्तावित है।

एकीकृत ई-शासन परियोजना

वर्तमान प्रणाली में पृथक-पृथक सेवाओं के लिये नागरिकों को बार-बार पहचान पत्र एवं अन्य दस्तावेज जमा करने पड़ते हैं। उक्त परेशानियों को दूर करने के लिये आधुनिक सूचना और संचार तकनीक का उपयोग कर सक्रिय एवं कुशल नागरिक सेवा वितरण प्रणाली का निर्माण किया जायेगा।